@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
रविवार, 3 मई 2026

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 178 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

बरगी क्रूज हादसा

सर्च अभियान का दायरा बढ़ा

तीन मासूम बच्चों समेत 4 लोग अब भी लापता

एजेंसी
जबलपुर । मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में बरगी डैम क्रूज हादसे के बाद से चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन को शनिवार को और तेज कर दिया गया। यह हादसा गुरुवार शाम को हुआ था। हादसे के वक्त क्रूज में 41 लोग सवार थे। अब तक मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में 9 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 4 लोग अभी लापता हैं। लापता लोगों में तीन बच्चे और एक वयस्क शामिल हैं। प्रशासन और रेस्क्यू टीमें लगातार उन्हें ढूंढने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

पुलिस और प्रशासन के मुताबिक, हादसे के तुरंत बाद 28 लोगों को सुरक्षित पानी से बाहर निकाल लिया गया था। ये सभी लोग अब सुरक्षित हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के आखिरी पलों की जानकारी मिल सके। वहीं, बाकी लोगों की तलाश अभी जारी है।

हादसे के बाद से ही सेना के गोताखोर, आपदा राहत दल और स्थानीय प्रशासन की टीमें लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई हैं। नदी के बहाव और जलाशय की गहराई को देखते हुए सर्च ऑपरेशन को काफी चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है। इसके बावजूद टीमों ने सर्च एरिया को बढ़ाकर लगभग 5 किलोमीटर डाउनस्ट्रीम तक फैला दिया है, ताकि कोई भी सुराग छूट न जाए।

मप्र के जबलपुर बरगी डैम क्रूज हादसे में लापरवाही आयी सामने

हादसे में कई तरह की लापरवाही भी सामने आयी है। जिसके बाद प्रशासन ने मामले को लेकर जांच के आदेश दिए हैं और कई कर्मियों पर कार्रवाई की गई है। सामने आए वीडियो में लापरवाही की तस्वीर साफ नजर आ रही है। मौसम विभाग के ऑरेंज अलर्ट के बावजूद यात्रियों को बिना लाइफ जैकेट के ही क्रूज पर चढ़ा दिया गया था। हादसे से बचे रोशन आनंद ने बताया कि किसी भी यात्री को पहले से लाइफ जैकेट नहीं दी गई थी। जब क्रूज डगमगाने लगा, तो लोग घबराकर इधर-उधर भागने लगे। करीब आधे घंटे तक अफरा-तफरी रही। बाद में यात्रियों ने खुद कैबिन में रखी सील पैक लाइफ जैकेट निकालीं और पहनने की कोशिश की।

अधिकारियों का कहना है कि सभी शव मिलने के बाद मामले में आगे की जांच शुरू की जाएगी और एफआईआर दर्ज की जाएगी। जांच में यह देखा जाएगा कि नाव में सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं, क्षमता से ज्यादा लोग तो सवार नहीं थे और क्या लाइफ जैकेट जैसी जरूरी सुरक्षा व्यवस्था मौजूद थी या नहीं।

रेस्क्यू ऑपरेशन में दो घंटे की देरी

हादसे के समय राहत कार्य में भी गंभीर लापरवाही सामने आई। शाम 6 बजे क्रूज आंधी के कारण पलट गया। 6:15 बजे सूचना मिलने के बाद 6:40 बजे टीम रवाना हुई, लेकिन वाहन स्टार्ट नहीं हो पाया। इसके बाद संसाधनों को दूसरे वाहन में शिफ्ट किया गया। दूसरा दल शाम 7 बजे रवाना हुआ, जिससे बचाव कार्य में दो घंटे से ज्यादा की देरी हो गई।

47 लोग सवार, लेकिन सिर्फ 29 के टिकट

जबलपुर में नर्मदा नदी पर बने बरगी डैम में यह क्रूज पर्यटकों से भरा हुआ था। इस पर करीब 47 लोग सवार थे, जबकि टिकट केवल 29 यात्रियों के ही जारी किए गए थे। हादसा किनारे से लगभग 300 मीटर दूर हुआ। उस समय हवा की रफ्तार करीब 74 किलोमीटर प्रति घंटा थी। बरगी सिटी सीएसपी अंजुल मिश्रा के मुताबिक एसडीआरएफ की टीम ने कई लोगों को बचाया, लेकिन तेज हवा, अंधेरा और खराब मौसम के कारण राहत कार्य में दिक्कतें आई।

संदीप पाठक पर दो एफआईआर दर्ज

भाजपा ने भगवंत मान पर बदले की कार्रवाई का लगाया आरोप

एजेंसी
नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक के खिलाफ पंजाब में दो एफआईआर दर्ज की गई है। भाजपा ने भगवंत सरकार पर निशाना साधते हुए इसे बदले की भावना से की गई कार्रवाई बताया। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में पंजाब की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि पंजाब पुलिस ने राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक के आवास पर छापेमारी की कोशिश की, जबकि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पहले से ही खराब बनी हुई है। आम आदमी पार्टी की सरकार में पुलिस अपराध पर नियंत्रण करने के बजाय इस तरह की कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि भगवंत मान सरकार के प्रति लोगों के मन में गुस्सा है। इसी हताशा, निराशा और गुस्से के चलते

बदले की भावना से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल से जवाब मांगते हुए 'नई राजनीति' के दावों पर भी सवाल खड़े किए।

स्पिरिट एयरलाइंस 34 साल बाद हुई बंद

सभी उड़ानें रद्द, 17 हजार नौकरियों पर संकट

एजेंसी
नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट और तेल की बढ़ती कीमतों के बीच अत्यंत कम लागत वाली अमेरिकी एयरलाइंस कंपनी स्पिरिट एयरलाइन ने 34 साल बाद अपने परिचालन को तुरंत प्रभाव से बंद करने का ऐलान किया है। कंपनी ने अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं और ग्राहक सेवा को बंद कर दिया गया है। एयरलाइन के इस कदम से 17 हजार लोगों की नौकरियां जाने का खतरा है।

स्पिरिट एयरलाइंस ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि उसकी सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं क्योंकि व्हाइट हाउस से संभावित बेलआउट न मिल पाने के बाद उसने अपने ऑपरेशन्स को व्यवस्थित तरीके से बंद करना शुरू कर दिया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू है। एयरलाइन ने कहा स्पिरिट की सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। स्पिरिट एविएशन होल्डिंग्स, इंक, जो स्पिरिट एयरलाइंस की मूल कंपनी है, उसने 500 मिलियन डॉलर की बचाव डील हासिल करने में नाकाम रहने के बाद अपना कामकाज बंद कर दिया है। दरअसल, बढ़ती ईंधन कीमतों और ईरान युद्ध के असर से कंपनी पहले ही वित्तीय संकट और दिवालियापन से जूझ रही थी। इस बंदी से करीब 17 हजार कर्मचारियों की नौकरियों पर असर पड़ सकता है और विमानन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा घटने की आशंका है।



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार स्पिरिट एयरलाइंस ने आज खेद के साथ घोषणा की है कि कंपनी ने अपने परिचालन को व्यवस्थित रूप से बंद करना शुरू कर दिया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू है। जिससे टिकटों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है और यात्रियों को परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। इसके नतीजे दिखने लगे हैं, हवाई किराया बढ़ रहा है और दूसरी एयरलाइंस इस बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए आगे आ रही हैं।

एग्जिट पोल 'कॉपी-पेस्ट' हैं, इन पर भरोसा नहीं कर सकते : भूपेश बघेल

एजेंसी
गुवाहाटी। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने असम विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल पर सवाल उठाते हुए उन्हें अविश्वसनीय बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसे पूर्वानुमान अक्सर सही साबित नहीं होते। गुवाहाटी में आयोजित विपक्षी दलों के एक भोज कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया। मतगणना से पहले पार्टी की तैयारियों को लेकर कांग्रेस उम्मीदवारों और नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में डीके शिवकुमार और राज्य नेतृत्व भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह

बैठक आगामी 4 मई को होने वाली मतगणना से पहले रणनीति तय करने के उद्देश्य से की जा रही है। एग्जिट पोल में भाजपा-नीत एनडीए को बढ़त दिखाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि ये आंकड़े पहले की तरह ही 'कॉपी-पेस्ट' हैं और इन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में पुनर्मतदान के मुद्दे पर बघेल ने कहा कि विपक्षी दल शुरू से ही सतर्क रहे, जिसके कारण किसी भी तरह की कथित अनियमितताओं को रोका जा सका।

मई की संभावित गर्मी से घबराने की जरूरत नहीं: जितेंद्र सिंह

एजेंसी
नई दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने मई महीने में संभावित गर्मी और लू को लेकर जनता से घबराने की बजाय सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। मौसम पूर्वानुमान को सही ढंग से समझकर और दिन-प्रतिदिन की सरल सावधानियों से प्रभाव को कम किया जा सकता है। डॉ. सिंह ने शनिवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार देश के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान और हीटवेव की स्थिति बन सकती है,

लेकिन यह पूरे देश में समान रूप से प्रभावी नहीं होगी। समय पर तैयारी और आईएमडी द्वारा समय-समय पर जारी सलाहों का पालन करके इसे प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ. सिंह ने लोगों को सलाह दी कि वे पर्याप्त पानी पिएं, दोपहर की धूप से बचें और बच्चों, बुजुर्गों एवं बाहरी काम करने वालों का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग के नियमित अपडेट पर नजर रखना जरूरी है।

कांकेर में आईईडी ब्लास्ट; डीआरजी के तीन जवानों का बलिदान

एजेंसी
कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सल ऑपरेशन के दौरान बड़ा हादसा हुआ है। शनिवार को आईईडी निष्क्रिय करने के दौरान जोरदार विस्फोट हुआ, जिसमें डीआरजी के तीन जवान बलिदान हो गये। वहीं एक जवान गंभीर रूप से घायल है, जिसे अस्पताल भेजा गया है, जहां पर इलाज जारी है।

डीआरजी टीम प्रदेश के कांकेर-नारायणपुर सीमा क्षेत्र में नक्सलियों के छिपाए गए डंप की तलाश में निकली थी। इस दौरान आईईडी को हटाने की कोशिश में अचानक ब्लास्ट हो गया, जिससे तीन जवान वीरगति को प्राप्त हो गए। कांकेर एसपी निखिल राखेचा ने घटना की पुष्टि की है। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में सर्च अभियान तेज कर दिया है। पूरे इलाके को घेर लिया है ताकि अन्य संभावित को खोजकर निष्क्रिय किया जा सके। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में नक्सलियों की संभावित गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए सतर्कता बढ़ा दी गई है।

ये जवान हुए बलिदान
इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी
कॉन्स्टेबल कृष्णा कोमरा
कॉन्स्टेबल संजय गढपाले

यह जवान घायल
कॉन्स्टेबल परमानंद कोमरा

कैसे हुआ हादसा

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टिलिंगम के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में आत्मसमर्पित माओवादी कैडरों की ओर से दी गई जानकारी और अन्य इनपुट के आधार पर माओवादियों के पूर्व में छिपाकर रखे गए सैकड़ों आईईडी बस्तर रेंज में पुलिस एवं सुरक्षा बलों की तरफ से बरामद कर निष्क्रिय किए गए थे, लेकिन आज की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जब कांकेर जिला पुलिस दल आईईडी को निष्क्रिय कर रहा था, तभी वह आकस्मिक रूप से विस्फोट हो गया, जिसके कारण तीन पुलिस बल के सदस्य वीरगति को प्राप्त हो गये। वहीं एक जवान गंभीर रूप से घायल है। आगे की जानकारी अलग से जी जायेगी।

पुणे में 4 साल की बच्ची से रेप और हत्या

• 65 साल का आरोपी गिरफ्तार

सीएम बोले- सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी

एजेंसी
गुवाहाटी। महाराष्ट्र के पुणे में एक व्यक्ति ने 4 साल की बच्ची से रेप के बाद पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने 65 साल के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, बच्ची पुणे के भोर तहसील में रहने वाली अपनी नानी के यहां गर्मी की छुट्टियां बिताने आई थी। भीमराव कांबले (आरोपी) दोपहर करीब दो बजे बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने घर के पास बने तबेले में ले गया। वहां बच्ची से रेप करने के बाद उसकी हत्या कर दी। महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और एनसीपी (एसपी) नेता अनिल देशमुख ने मामले में आरोपी के लिए फांसी और मामला की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग की थी। इसके बाद महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सरकार इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराएगी और अपराधी के लिए फांसी की मांग करेगी।

तबेले से मिला बच्ची का शव

काफी देर तक बच्ची घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ लोगों ने तबेले में भी बच्ची को तलाशा तो उसका शव बरामद हुआ। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की तलाश की तो एक फुटेज में आरोपी बच्ची को तबेले की ओर ले जाता हुआ नजर आया। पुलिस ने तुरंत भीमराव कांबले को हिरासत में ले लिया। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।

• एनसीपी (एसपी) नेता और सांसद सुप्रिया सुले ने आरोपी को कठोर से कठोर सजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद शर्मनाक और मानवता को कलंकित करने वाली है।

मालदा में भाजपा की अहम संगठनात्मक बैठक

मतगणना की तैयारियों पर चर्चा

एजेंसी
मालदा। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने कार्यकर्ताओं को तैयार करने में जुट गई है। दोनों पार्टियां अपने कार्यकर्ताओं को मतगणना से संबंधित जानकारी और प्रशिक्षण देने में जुटी है। इसी क्रम में शनिवार को भाजपा के केंद्रीय नेताओं की मौजूदगी में पुरातन मालदा के एक होटल में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इसमें केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, राष्ट्रीय महामंत्री और पश्चिम बंगाल के प्रभारी सुनील बंसल, मंगल पांडेय, सांसद खगेन मुर्मू समेत मालदा डिवीजन के 28 विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा उम्मीदवार और पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से मतगणना की तैयारियों और रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक के बाद उत्तर मालदा के सांसद खगेन मुर्मू ने कहा कि चुनाव के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके अच्छे काम के लिए केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें धन्यवाद देने के साथ संगठनात्मक दिशा-निर्देश भी दिए। उत्तर मालदा के सांसद विश्वास जताया कि मतगणना के बाद भाजपा को बड़ी सफलता मिलेगी और राज्य में पार्टी का प्रदर्शन मजबूत रहेगा उन्होंने दावा किया की चार मई को पूरा बंगाल भगवामय होगा।

अब तक 2,922 नाविक सुरक्षित वापस लाए गए

खाड़ी क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले जहाज पूरी तरह सुरक्षित

एजेंसी
नई दिल्ली । सरकार ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि अब तक 2,922 से अधिक भारतीय नाविकों (सीफेयरर्स) को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है, जिनमें पिछले 24 घंटों में 30 लोग खाड़ी क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से लाए गए हैं। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, भारतीय मिशनों और समुद्री क्षेत्र से जुड़े अन्य पक्षों के साथ मिलकर नाविकों की सुरक्षा और समुद्री गतिविधियों को सुचारु बनाए रखने के लिए लगातार काम कर रहा है। मंत्रालय ने कहा, 'क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में किसी भी भारतीय ध्वज वाले जहाज से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है। डीजी शिपिंग कंट्रोल रूम ने अब तक 8,335 कॉल्स और 17,838 से अधिक ईमेल संभाले हैं। पिछले



24 घंटों में 67 कॉल और 144 ईमेल प्राप्त हुए। ' बयान में आगे कहा गया है कि देश भर के बंदरगाहों पर कामकाज सामान्य रूप से चल रहा है और कहीं भी जाम (कंजेशन) की स्थिति नहीं है। विदेश मंत्रालय भी खाड़ी और पश्चिम एशिया क्षेत्र की स्थिति पर नजर बनाए हुए है और वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए प्रयास कर रहा है। सरकार ने बताया कि समय-समय पर नई एडवाइजरी

• अब तक तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने 2,490 भारतीय नागरिकों को ईरान से जमीनी रास्तों के जरिए सुरक्षित बाहर निकाला है।

जारी की जा रही हैं, जिनमें स्थानीय नियम, यात्रा और उड़ानों की जानकारी, कांसुलर सेवाएं और अन्य सुविधाओं के बारे में बताया जाता है। भारतीय दूतावास वहां रह रहे भारतीयों और संगठनों से लगातार संपर्क में हैं और उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उड़ानों की स्थिति धीरे-धीरे बेहतर हो रही है और खाड़ी क्षेत्र से भारत के लिए अतिरिक्त उड़ानें भी चलाई जा रही हैं। यूएई में सुरक्षा और संचालन के आधार पर सीमित कमर्शियल फ्लाइट्स चल रही हैं। सऊदी अरब और ओमान से भी भारत के लिए नियमित उड़ानें जारी हैं। सरकार ने बताया कि इराक का हवाई क्षेत्र सीमित उड़ानों के साथ खुला है, जिससे लोग भारत आ सकते हैं। ईरान का हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुला है, जहां कार्गो और चार्टर्ड उड़ानें चल रही हैं। भारतीय नागरिकों को ईरान की यात्रा से बचने की सलाह दी गई है और जो लोग वहां हैं, उन्हें भारतीय दूतावास की मदद से जमीनी रास्तों से वापस आने के लिए कहा गया है।

ईसीआई ने पश्चिम बंगाल चुनाव 2026 के लिए सुरक्षा कवच मजबूत किया

165 अतिरिक्त मतगणना पर्यवेक्षक और 77 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात

एजेंसी
नई दिल्ली । भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 की मतगणना प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। आयोग ने 165 अतिरिक्त मतगणना पर्यवेक्षकों और 77 पुलिस पर्यवेक्षकों की तैनाती की घोषणा की है। यह फैसला मतगणना केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सतर्क नजर रखने के उद्देश्य से लिया गया है। ईसीआई के प्रेस नोट के अनुसार, ये अतिरिक्त

पर्यवेक्षक उन 165 विधानसभा क्षेत्रों में तैनात किए जाएंगे जहां एक से अधिक मतगणना कक्ष हैं। मुख्य मतगणना पर्यवेक्षकों की सहायता के लिए ये अतिरिक्त अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। वहीं, पुलिस पर्यवेक्षक आवंटित विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना केंद्रों के आसपास सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की देखरेख करेंगे। आयोग ने साफ निर्देश दिया है कि पुलिस पर्यवेक्षक किसी भी हालत में मतगणना कक्ष के अंदर प्रवेश नहीं करेंगे। भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 20बी के तहत दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए ईसीआई ने यह तैनाती की है। इन अधिकारियों को इस अवधि के दौरान आयोग में प्रतिनियुक्त माना जाएगा और वे सीधे आयोग के अधीक्षण एवं नियंत्रण में कार्य करेंगे। आयोग ने मतगणना प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) द्वारा ईसीआईनेट पोर्टल के माध्यम से एक समर्पित मॉड्यूल से मतगणना कर्मियों, उम्मीदवारों और उनके एजेंटों के लिए क्यूआर कोड आधारित फोटो पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। मतगणना केंद्रों में प्रवेश केवल इन्हीं पहचान पत्रों के आधार पर सख्ती से अनुमति दी जाएगी। मतगणना पर्यवेक्षक और रिटर्निंग ऑफिसर के अलावा किसी भी व्यक्ति को मतगणना कक्ष के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। यह व्यवस्था मतगणना की गोपनीयता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए की गई है।

धनबाद में दर्दनाक हादसा : कोयले की स्लरी में दबकर 4 मजदूरों की मौत, कई के फंसे होने की आशंका

धनबाद (एजेंसी)। झारखंड के धनबाद जिले से शनिवार शाम एक दर्दनाक औद्योगिक हादसे की खबर सामने आई है। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की मुनीडीह कोल वाशरी परियोजना में स्लरी लोडिंग के दौरान अचानक कोयले का भारी ढेर मजदूरों पर आ गिरा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस हादसे में अब तक 4 ठेका मजदूरों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम करीब 5 बजे ट्रकों में स्लरी लोड करने का काम चल रहा था, तभी अचानक स्लरी का बड़ा हिस्सा भरभराकर नीचे गिर पड़ा और वहां काम कर रहे मजदूर उसकी चपेट में आ गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, बीसीसीएल प्रबंधन और राहत दल मौके पर पहुंच गए। जेसीबी मशीनों और अन्य उपकरणों की मदद से युद्धस्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। स्थानीय प्रशासन ने चार शव बरामद होने की पुष्टि की है। घटना के बाद मजदूरों और परिजनों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। हादसे ने एक बार फिर खदानों और औद्योगिक परियोजनाओं में सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्रूज हादसा : बरगी से निकाले गए दो बच्चों के शव, मृतक संख्या 11 हुई

जबलपुर (एजेंसी)। बरगी में चल रहे सर्च अभियान के दौरान आज शनिवार शाम विराज सोनी पिता कृष्ण सोनी (5) निवासी कोतवाली व श्रीतमिल पिता कामराज (5), निवासी वेस्टलैंड खमरिया का शव पाया गया। दो शव और मिलने के बाद क्रूज हादसे में मृतक संख्या बढ़कर 11 पहुंच गई है। बरगी बांध में गुरुवार को डूबे क्रूज में सवार लापता चार पर्यटकों में से दो बच्चों के शव मिल गए हैं, जबकि दो अन्य की तलाश अब भी जारी है। हादसे के 48 घंटे बाद भी राहत एवं बचाव दल लापता लोगों की खोज में जुटा हुआ है। विराज सोनी का शव शनिवार शाम 6 बजे घटनास्थल के पास मिला है। शव को सफेद कपड़े में लपेटकर मेडिकल कॉलेज भिजवाया है। इसके साथ ही हादसे में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। कामराज (45) और उनका भतीजा मयूरम अब भी लापता है। सेना के साथ एनडीआरएफ-एसडीआरएफ वोट से सर्चिंग कर रही है। तेज हवा और डैम में उठ रही लहरों के कारण रेस्क्यू में समस्या आ रही है। मौके पर पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं। सर्चिंग टीम ने लापता लोगों की तलाश के लिए दायरा बढ़ा दिया है। एसडीओपी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि बीच-बीच में सर्चिंग कुछ देर के लिए रोकी जाती है। छोटी वोट होने के कारण तेज हवा में रेस्क्यू अभियान संभलकर चलाना पड़ रहा है। हादसे को हुए 48 घंटे से ज्यादा हो चुके हैं। अब भी 2 लोगों की बॉडी नहीं मिली है।

जहां क्रूज डूबा वहां मगरमच्छ नहीं देखे गए

मध्य प्रदेश टूरिज्म अधिकारियों ने कहा कि घटना स्थल पूरी तरह पथरीला है, इसलिए यहां मगरमच्छ नहीं देखे गए हैं, क्योंकि वे आमतौर पर कीचड़ वाले स्थान पर रहते हैं। बरगी बांध में मगरमच्छ हो सकते हैं, लेकिन वे घटनास्थल से कई किलोमीटर दूर हैं। जहां क्रूज डूबा, वहां पहले कभी मगरमच्छ नहीं देखे गए और न ही स्थानीय लोगों ने ऐसा सुना है।

दिल्ली सीएम टिप्पणी मामला : पीयूष सुराणा को जमानत, कांग्रेस का सत्ता के दुरुपयोग का आरोप

अजमेर (एजेंसी)। राजस्थान के अजमेर में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर कथित अश्लील टिप्पणी मामले में गिरफ्तार कांग्रेस नेता पीयूष सुराणा को जमानत मिली है। खबर मिलते ही अजमेर कांग्रेस शहर अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता एडीएम सिटी कार्यालय पहुंचे और भाजपा पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सुराणा को बिना किसी निष्पक्ष जांच के गिरफ्तार किया गया था। डॉ. जयपाल ने कहा कि कांग्रेस हमेशा महिलाओं का सम्मान करती है और इस पूरे मामले की वरिष्ठ अधिकारी से निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने थाने में भाजपा महिला मोर्चा के कथित व्यवहार को भी निंदनीय बताकर जांच की मांग की। नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली ने भाजपा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को डराने की कोशिश करने का आरोप लगाकर कहा कि पार्टी इसतरह के प्रयासों से डरेगी नहीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के पक्ष में कांग्रेस हमेशा खड़ी रही है और हमारे कार्यकर्ता को बिना जांच के गिरफ्तार किया गया। कांग्रेस नेता कोली ने भाजपा महिला मोर्चा के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जमानत पहले भी मिल सकती थी, लेकिन जानबूझकर इसमें देरी की गई।

बिहार में ऑर्केस्ट्रा पर पुलिस का शिकंजा : 21 नाबालिग रेस्क्यू, मानव तस्कर एजेंट गिरफ्तार

पटना (एजेंसी)। बिहार पुलिस ने पूरे राज्य में ऑर्केस्ट्रा पर बड़ी कार्रवाई शुरू की है, जो अब तक देह व्यापार का अड्डा बने हुए थे। पुलिस मुख्यालय के आदेश के बाद, इन ऑर्केस्ट्रा को रेड लाइट एरिया की तर्ज पर स्कैन किया जा रहा है ताकि इसमें चल रहे अवैध धंधों का पर्दाफाश हो सके। सीवान में 450 से अधिक ऑर्केस्ट्रा की जांच के दौरान अब तक 21 नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू किया गया है, इन लड़कियों से जबरन जिस्मफरोशी कराई जा रही थी। इसी कड़ी में, सारण पुलिस ने एक ऑर्केस्ट्रा से एक बांग्लादेशी लड़की को भी बरामद किया। किशनगंज में भी छापेमारी कर पुलिस ने 5 पुरुषों और 3 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। सीवान पुलिस इन अवैध ऑर्केस्ट्रा को पूरी तरह बंद कराने की तैयारी में जुट गई है। पुलिस ने लड़कियों की खरीद-फरोख्त करने वाली मुख्य एजेंट गुड़िया को सीवान से गिरफ्तार किया है। उस पर नेपाल, बंगाल और देश के अन्य हिस्सों से लड़कियों की तस्करी करने का गंभीर आरोप है। पुलिस अधिकारियों ने दावा किया है कि अगले 15 दिनों के भीतर ऑर्केस्ट्रा पर और भी बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जाएगी, जिससे इस धंधे में फंसी और भी कई लड़कियों को मुक्त कराया जा सकेगा।

एग्जिट पोल्स पर ममता का हमला, शेयर बाजार में हेरफेर का लगाया आरोप

-टीएमसी 200 पार के साथ सत्ता में करेगी वापसी

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बाद सामने आए एग्जिट पोल्स पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इन एग्जिट पोल्स की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए शनिवार को कहा, कि इनके जरिए शेयर बाजार में हेरफेर करने की कोशिश की जा रही है।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख एवं सीएम ममता बनर्जी ने एग्जिट पोल्स को पूरी तरह खारिज करते हुए दावा किया कि उनकी पार्टी इस बार 200 से अधिक सीटें जीतकर सत्ता में वापसी करेगी। मतगणना से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर पार्टी की स्थिति बेहद मजबूत है और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम जीत के रूप में सामने आएगा।

सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि एग्जिट पोल्स का इस्तेमाल केवल जनमत का आकलन करने के लिए नहीं, बल्कि शेयर बाजार के व्यवहार को प्रभावित करने के एक औजार के रूप में किया जा रहा है। पार्टी सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, एग्जिट पोल स्टॉक मार्केट में हेरफेर करने की एक कोशिश के अलावा और कुछ नहीं हैं। 2021 और 2024 में भी ऐसा ही किया गया था और इस बार भी वही प्रयास हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि टीएमसी फिर से सरकार बनाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अंतिम समय तक सतर्क और सक्रिय रहने की अपील की।

अभिषेक ने किया समर्थन

ममता के बयान के बाद अभिषेक बनर्जी ने भी उनकी बातों का समर्थन किया। डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के दौरान मतदाताओं, खासकर महिलाओं को डराने-धमकाने के लिए केंद्रीय बलों का दुरुपयोग किया है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के नेता गांव-गांव जाकर माहौल प्रभावित करने की कोशिश करते रहे हैं। इस बीच कई जगहों पर महिलाओं व बच्चों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं भी सामने आई हैं। साथ ही, उन्होंने मीडिया के एक वर्ग पर भी पक्षपातपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया। चुनाव परिणामों से पहले इस तरह के आरोप-प्रत्यारोपों ने राज्य की राजनीति को और गर्मा दिया है। अब सबकी नजरें मतगणना के नतीजों पर टिकी हैं, जो इन दावों की सच्चाई को स्पष्ट करेंगे।

मिशन पंजाब-शाह संभालेंगे कमान, ड्रग्स के खिलाफ भाजपा छेड़ेगी बड़ा अभियान

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मैराथन चुनावी अभियान के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब की राजनीति पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए भाजपा ने फ्रमिशन पंजाबफ्र का खाका तैयार किया है, जिसके तहत अमित शाह अब चुनाव होने तक हर महीने राज्य का दौरा करेंगे। इस बार भाजपा की चुनावी रणनीति के केंद्र में ड्रग्स

का मुद्दा रहने वाला है। बताया जा रहा है कि मई महीने से ही पंजाब में नशे के खिलाफ एक व्यापक अभियान की शुरुआत की जाएगी, जिसकी कमान स्वयं अमित शाह संभालेंगे। इस अभियान के अंतर्गत पूरे राज्य में जागरूकता यात्राएं निकाली जाएंगी, जिनमें समय-समय पर केंद्र और राज्य स्तर के दिग्गज नेता भी शिरकत करेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर जैसे राज्यों में सत्ता में होने के कारण भाजपा वहां मजबूत स्थिति में है, लेकिन पंजाब में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए उसे एक बड़े और प्रभावी मुद्दे की तलाश थी। ऐसे में ड्रग्स के खिलाफ यह मुहिम चुनावी बिसात पर एक अहम चाल मानी जा रही है। भाजपा नेताओं का दावा है कि यह अभियान केवल राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि पंजाब के युवाओं को बचाने और सामाजिक बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। शाह के नेतृत्व में तैयार होने वाला यह नशामुक्त पंजाब रोडमैप राज्य की सियासत में नई हलचल पैदा करने वाला साबित होगा। आने वाले समय में ड्रग्स, कानून-व्यवस्था और विकास जैसे मुद्दों पर राज्य का राजनीतिक पारा और अधिक चढ़ना तय माना जा रहा है।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती गोरखपुर से निकालेंगे ‘गविष्ठी धर्मयुद्ध यात्रा’

वाराणसी (एजेंसी)। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती गौरक्षा का संकल्प लेकर ‘गविष्ठी धर्मयुद्ध यात्रा’ निकालेंगे। यह यात्रा प्रदेश के 403 विधानसभाओं से होकर गुजरेगी। यात्रा के दौरान शंकराचार्य सनातनी जनता से संवाद स्थापित करके उनको गौरक्षा के लिए श्रेष्ठ योगदान प्रदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का कहना है कि गौमाता को राष्ट्र माता और राज्य माता घोषित कर उनके प्राणों की रक्षा करने में सरकार के समक्ष क्या कठिनाई है। क्या गौमांस के व्यापार से ही भारत के उदर की पूर्ति होगी। जगद्गुरू शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि गौमाता के प्राणों की रक्षा के लिए जितना यत्न भारत में हुआ अगर उतना प्रयास पाकिस्तान में भी होता तो वहां भी गौमाता के प्राणों की रक्षा सुनिश्चित कर उनको राष्ट्रमाता घोषित कर दिया जाता। दुर्भाग्य है कि भारत में खुद को हिंदूवादी कहने वाली सरकार के कानों पर जूं तक नही रेंग रही है। आखिर गौमाता को राष्ट्र माता और राज्य माता घोषित कर उनके प्राणों की रक्षा करने में सरकार के समक्ष क्या कठिनाई है? क्या अब गौमांस के व्यापार से ही भारत के उदर की पूर्ति होगी। गौमाता की रक्षा एवं प्रतिष्ठा के लिए सरकार को स्वयं सज्ञान लेकर कानून बनाना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि जब लोकतंत्र में हर जगह बहुमत से निर्णय होता है, तो गौमाता की रक्षा के लिए इस देश का बहुमत बार-बार निवेदन कर रहा है। फिर भी बहुमत की अवज्ञा करने का क्या कारण है। भारत में सभी सनातनी चाहते हैं कि गौमाता राष्ट्रमाता घोषित हों, लेकिन स्वतंत्रता के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी हिंदुओं की आवाज को अनसुनी किया जा रहा है। धिक्कार है सरकारों को, जिन्होंने हिंदुओं के वोट लेकर हिंदुओं के साथ छल किया है। अब समय आ गया है कि सनातनी राजनीति का प्रारंभ कर अपने गौमाता के प्राणों एवं सनातनी मूल्यों की रक्षा करें। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कि हम लोगों की 11 मार्च को लखनऊ में गविष्ठी यात्रा की घोषणा हुई थी। उत्तर प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों से होकर यह गुजरेगी।

बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के बावजूद निष्पक्ष मतदान नहीं हुआ: अल्वी

-चुनाव आयोग पर कांग्रेस ने लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक बयानबाज़ी तेज हो गई है। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर ही प्रश्नचिह्न लगा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान व्यापक स्तर पर अनियमितताएं हुई हैं, जो लोकतंत्र के लिए चिंताजनक संकेत हैं। उन्होंने कहा, सिर्फ दो-चार जगहों पर अनियमितताएं नहीं हुई बल्कि पूरे बंगाल में हुई हैं। बंगाल और असम में जिस प्रकार से चुनाव हुआ वह लोकतंत्र पर कलंक है।

कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने शनिवार को कहा कि गड़बड़ियां केवल कुछ क्षेत्रों तक सीमित नहीं थीं, बल्कि पूरे पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में बड़ी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के बावजूद निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित नहीं हो पाया। उनके अनुसार, करीब ढाई लाख केंद्रीय बलों की मौजूदगी के बावजूद जिस तरह की घटनाएं सामने आईं, वह लोकतंत्र पर ‘कलंक’ के समान हैं।

चुनाव आयोग भाजपा का अग्रिम संगठन बना?

कांग्रेस नेता ने यह भी दावा किया कि चुनाव ड्यूटी में ऐसे अधिकारियों को तैनात किया गया, जिनका झुकाव भारतीय जनता पार्टी की ओर है। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया को लेकर भी आशंका जताई और कहा कि वहां भी पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया जा सकता है। इसी संदर्भ में उन्होंने तीखा सवाल उठाते हुए कहा, ‘क्या चुनाव आयोग भाजपा का कोई अग्रिम संगठन बन गया है?’

उन्होंने आगे आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी किसी भी स्थिति में पश्चिम बंगाल में सत्ता हासिल करना चाहती है। अल्वी ने यह भी

कहा कि यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनती है, तो यह देश के लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकता है।

फाल्टा में हुए विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि टीएमसी कार्यकर्ता हिंसा या गड़बड़ी में शामिल हैं, तो चुनाव आयोग और तैनात पैरामिलिट्री बल क्या कर रहे हैं। उनके अनुसार, चूंकि चुनाव के दौरान पूरा प्रशासन चुनाव आयोग के अधीन होता है, इसलिए किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की जिम्मेदारी आयोग पर ही आती है।

कमर्शियल सिलेंडर महंगा: मायावती बोलीं, जनता पर महंगाई की एक और मार

लखनऊ (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम मायावती ने हाल ही में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में हुई 993 रुपये की भारी वृद्धि पर अपनी गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने इस बढ़ोत्तरी को आम जनता के लिए एक बड़ी मार बताकर कहा कि पहले से ही बढ़ती महंगाई से जूझ रहे गरीब और मध्यम वर्ग पर इस तरह का अतिरिक्त बोझ डालना जनहित के बिल्कुल खिलाफ है। बसपा प्रमुख ने केंद्र सरकार से मांग की है कि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित रखने वाली नीति को लगातार जारी रखा जाए। उनका मानना है कि ऐसा करने से ही जनता को राहत मिल सकेगी और देश में बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाई जा सकेगी। अपने एक्स पर लिखते हुए मायावती ने बताया कि देश में कमर्शियल सिलेंडर की भारी किल्लत के बीच, उसकी कीमत में एकमुश्त 993 रुपये की वृद्धि और उसका आम जनजीवन पर पड़ने वाला प्रभाव सभी मीडिया की सुर्खियों में है। उन्होंने इस आशंका पर चिंता जाहिर की कि जल्द ही रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल सहित अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें भी बढ़ सकती हैं, जिससे लोगों में बेचैनी व्याप्त है। मायावती ने कहा कि इसका वास्तविक कारण चाहे अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध हो या कुछ और, केंद्र सरकार ने जिस तरह से राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों को काफी हद तक नियंत्रण में रखा था, उसी नीति को वर्तमान में भी व्यापक जनहित और जनकल्याण के लिए जारी रखना चाहिए। उन्होंने इस देशहित में उचित बताया। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में इस तरह की वृद्धि से देश के अधिकतर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव का गंभीरता से आकलन करे और उसी के आधार पर अपनी नीतियों का निर्धारण करे ताकि जनता को वास्तविक राहत मिल सके।

राजनीतिक पाला बदलना राघव चड्ढा को पड़ा भारी

सोशल मीडिया पर अनफॉलो अभियान से जेन-जेड दे रही है झटका

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी के पूर्व पोस्टर बॉय राघव चड्ढा के लिए भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का फैसला डिजिटल मोर्चे पर एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। चड्ढा, जो अपनी आधुनिक सोच और युवा छवि के लिए जाने जाते थे, इन दिनों सड़कों पर होने वाले प्रदर्शनों के बजाय एक अलग तरह के विरोध का सामना कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल और उनकी पुरानी पार्टी के समर्थकों ने अब सोशल मीडिया पर अनफॉलो बटन को अपना हथियार बना लिया है। विशेष रूप से जेनरेशन जेड के युवाओं के बीच उनकी घटती लोकप्रियता चर्चा का विषय बनी हुई है।

एक चार्टर्ड अकाउंटेंट से राजनेता बने राघव चड्ढा की पहचान हमेशा से एक एक्सेसिबल नेता की रही है। ब्लिंकिट डिलीवरी जैसे रोजमर्रा के उदाहरणों और सामान्य व्यवहार के कारण युवा उन्हें पुराने ढर्रे के राजनेताओं से अलग मानते थे। अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा के साथ उनके विवाह ने उन्हें एक ग्लैमरस पहचान भी दी, जिससे वे युवाओं के लिए एक पड़ोस के लड़के (बॉय नेक्स्ट डोर) वाली छवि में फिट बैठते थे। हालांकि, जानकारों का मानना है कि उनका अचानक पाला बदलना युवाओं को पुरानी और गंदी राजनीति की वापसी जैसा महसूस हुआ है, जिससे उनका मोहभंग हो रहा है।

राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, युवा मतदाताओं में छवि को लेकर बहुत संवेदनशीलता होती है। राजनीति विज्ञान के जानकारों का कहना है कि युवा सांसदों से अक्सर सार्वजनिक नैतिकता और स्वच्छ राजनीति की एक नई संस्कृति लाने की उम्मीद की जाती है। चड्ढा ने अपनी छवि एक ऐसे नेता के रूप में गढ़ी थी जो आम जनता के मुद्दों से सरोकार रखता है, लेकिन हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों ने उनके समर्थकों को निराश किया है। विशेषकर जेन-जी विश्वासघात या व्यक्तिगत विशेषाधिकार को सुरक्षित रखने वाले राजनीतिक कदमों को आसानी से स्वीकार नहीं करती।

आज के दौर में डिजिटल दुनिया में किसी को अनफॉलो करना केवल एक तकनीकी क्रिया नहीं, बल्कि एक सशक्त राजनीतिक बयान बन गया है। यह बिना शोर मचाए अपनी असहमति दर्ज कराने का आधुनिक तरीका है। चड्ढा ने जो ऑनलाइन पहचान और साख बनाई थी, अब उसी के कारण उनके हर कदम की सूक्ष्मता से जांच हो रही है। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या में गिरावट यह स्पष्ट संकेत देती है कि डिजिटल युग में लोकप्रियता जितनी जल्दी मिलती है, उतनी ही जल्दी राजनीतिक निष्ठा बदलने पर छिन भी सकती है। चड्ढा के लिए अब चुनौती अपनी इस खोई हुई डिजिटल साख को फिर से हासिल करने की है।

नीतीश कुमार ने छोड़ा सीएम आवास, 7 सर्कुलर रोड बना नया पता

-लालू के पड़ोसी बने नीतीश

पटना (एजेंसी)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित सीएम हाउस को खाली कर दिया है। अब वह अपने नए पते 7 सर्कुलर रोड पर शिफ्ट हो गए हैं। उनके बेटे निशांत कुमार भी इसी नए आवास में उनके साथ रहने वाले है। शनिवार को ही मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उनसे मिलने 7 सर्कुलर रोड पहुंचे, जहां उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी पहले से मौजूद थे। इन तीनों के बीच करीब बीस मिनट तक मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा हुई। इससे पहले, सुबह नीतीश कुमार उप मुख्यमंत्री विजेंद्र यादव के आवास पर गए और करीब दस मिनट तक वहां रुके।

शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के शुभ मौके पर नीतीश कुमार ने अपने इस नए बंगले में विधिवत पूजा-अर्चना की थी। इस दौरान निशांत कुमार भी मौजूद रहे और पूजा के लिए विशेष रूप से बौद्ध भिक्षुओं को आमंत्रित किया गया था। पूजा के बाद वह वापस 1 अणे मार्ग लौट गए थे, लेकिन शनिवार सुबह तक उनके सामान को नए आवास में स्थानांतरित करने का काम जारी रहा। इस बंगले को फूलों से सजाया गया है और सुरक्षा के मद्देनजर यहां पहले ही जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा तैनात कर दी गई है।

बीते बीस सालों में यह दूसरी बार है जब नीतीश ने सीएम हाउस छोड़कर 7 सर्कुलर रोड वाले बंगले में कदम रखा है। इसके पहले 2014 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया था और जीतनराम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया था, तब वे करीब आठ महीने बंगले में रहे थे। 7 सर्कुलर रोड स्थित यह बंगला नीतीश ने अपनी विशेष देखरेख में तैयार करवाया है। यह

आधुनिक तकनीक से निर्मित है और बड़े भूकंप के झटकों को सहने में सक्षम है। बंगले के लॉन को खास लुक देने के लिए कोलकाता से मंगवाकर घास लगाई गई है। यह आवास पहले मुख्यमंत्री के कार्यालय के रूप में उपयोग किया जा रहा था। इस नए आवास में शिफ्ट होने के साथ ही नीतीश और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव एक-दूसरे के पड़ोसी बन गए हैं। राबड़ी आवास यहां से बस दो घर बाद है, दोनों बंगलों के बीच करीब 200 मीटर की दूरी है और दोनों सर्कुलर रोड के दक्षिण तरफ स्थित हैं।

भारत बनाएगा अग्नि-6 बैलिस्टिक मिसाइल और हाइपरसोनिक हथियार

-यह मिसाइल पुरानी अग्नि श्रृंखला की तुलना में कहीं ज्यादा बेहतर रेंज

नई दिल्ली(एजेंसी)। डीआरडीओ प्रमुख समीर वी कामत ने देश की रक्षा क्षमताओं को लेकर जानकारी दी जिसमें अग्नि-6 बैलिस्टिक मिसाइल और हाइपरसोनिक हथियारों के विकास की प्रगति शामिल है। उन्होंने बताया कि भारत की सबसे आधुनिक इंटरकांटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-6 का कार्यक्रम शुरू करने के लिए डीआरडीओ पूरी तरह तैयार है और अब केवल केंद्र सरकार की मंजूरी का इंतजार है। यह मिसाइल पुरानी अग्नि श्रृंखला की तुलना में कहीं ज्यादा बेहतर रेंज और मारक क्षमता वाली होगी।

दिल्ली में आयोजित एक नेशनल सिक्योरिटी समिट में कामत ने भारत की बढ़ती सैन्य ताकत का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया, जिसमें अग्नि-6 के साथ-साथ हाइपरसोनिक मिसाइलों पर तेजी से चल रहे काम को भी रेखांकित किया गया। उनका दावा है कि आने वाले समय में भारत की मिसाइल शक्ति विश्व की सबसे घातक ताकतों में से एक होगी। अग्नि-6 को भारत के रक्षा बेड़े की सबसे अहम कड़ी माना जा रहा है। यह हजारों किलोमीटर दूर बैठे दुश्मन को निशाना बनाने में सक्षम होगी।

डीआरडीओ प्रमुख ने संकेत दिया कि इसकी तकनीक मौजूदा प्रणालियों से कई गुना आगे है, और इसमें मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल टेक्नोलॉजी होने की उम्मीद है। इसका अर्थ है कि एक ही मिसाइल एक साथ कई अलग-अलग ठिकानों पर हमला कर सकेगी। सरकार की मंजूरी मिलते ही भारत उन चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो जाएगा जिनके पास यह अत्यंत घातक और लंबी दूरी की मिसाइल क्षमता है। समीर वी कामत ने हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल के बारे में भी अहम जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि भारत का एलआर-एएसएचएम कार्यक्रम अब उन्नत चरण में पहुंच चुका है, और बहुत जल्द इस हाइपरसोनिक मिसाइल का पहला परीक्षण किया जा सकता है। भारत वर्तमान में दो प्रकार की हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी पर काम कर रहा है। हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल और हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्लाइड मिसाइल का विकास क्रूज मिसाइल की तुलना में काफी आगे है। इसकी गति इतनी प्रचंड होती है कि किसी भी रडार सिस्टम के लिए इसे पकड़ना करीब असंभव हो जाता है। हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल स्क्रैमजेट इंजन का उपयोग करती है और अपनी पूरी उड़ान के दौरान इंजन की शक्ति से संचालित होती है। भारत इन दोनों पर अनुसंधान कर रहा है, लेकिन ग्लाइड संस्करण का परीक्षण अब अत्यंत निकट है। यह उपलब्धि भारत को उन चुनिंदा देशों की सूची में खड़ा कर देगी जिनके पास हाइपरसोनिक हथियार मौजूद हैं। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने भी मल्टी-लेयर्ड मिसाइल डिफेंस की जरुरत पर जोर दिया है,

जिसमें कम दूरी, मध्यम दूरी और लंबी दूरी की मिसाइलों का मिश्रण होगा। डीआरडीओ प्रमुख के मुताबिक इस नई मिसाइल फोर्स में 2000 किलोमीटर तक की रेंज वाली बैलिस्टिक मिसाइलें, क्रूज और हाइपरसोनिक मिसाइलें शामिल होंगी। प्रलय जैसी शॉर्ट रेंज मिसाइलें अपने परीक्षण के अंतिम चरण में हैं और जल्द ही सेना का हिस्सा बन सकती हैं। यह समेकित तैयारी भारत की सामरिक शक्ति को एक नया और दुर्जेय आयाम प्रदान करेगी।

ससुराल में रहकर ससुर को मार डाला, बेटी पर जुल्म होता देख सह न पाए राम

नई दिल्ली। दिल्ली के शाहदरा जिला के सीमापुरी इलाके में एक युवक मायके में अपनी पत्नी को पीट रहा था। ससुर बीच-बचाव कराने आए तो आरोपी ससुर से उलझने लगा। कहासुनी में आरोपी ने पहले ससुर को थप्पड़ मारा। इसके बाद वह ससुर को घसीटकर पहली मंजिल से गली में ले आया। आरोपी ने चाकू निकालकर उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गली में भीड़ बढ़ती देखकर आरोपी वहां से फरार हो गया। गंभीर हालत में पीड़ित राम जतन (50) को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। क्राइम टीम व एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए। बाद में हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी दामाद संदीप (20) को सीलमपुर इलाके से दबोच लिया। उससे पूछताछ कर पुलिस वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद करने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम के बाद राम जतन का शव परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक राम जतन अपने परिवार के साथ सीमापुरी इलाके में रहते थे। इनकी बेटी नंदनी अपने पति संदीप के साथ पुराने सीलमपुर इलाके में रहती है। करीब डेढ़ साल पहले नंदनी की संदीप से शादी हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से संदीप का नंदनी के साथ व्यवहार ठीक नहीं है। वह छोटी-छोटी बातों पर उससे झगड़ा करता है। बृहस्पतिवार शाम के समय नंदनी अपने परिवार से मिलने के लिए मायके आई हुई थी। उसके साथ संदीप भी मौजूद था। इस बीच किसी बात पर पति-पत्नी के बीच बहस हो गई। इस बीच आरोपी ने नंदनी को थप्पड़ मार दिया। वहां मौजूद राम जतन ने दामाद को रोकते हुए बीच-बचाव का प्रयास किया। इस बात पर संदीप आग बबूला हो गया। उसने ससुर को थप्पड़ मारा। बाद में वह ससुर का गिरेबान पकड़कर सीढ़ियों से नीचे घसीटता हुआ ले आया। गली में लाते ही आरोपी ने चाकू निकालकर ससुर पर कई वार किए। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गया। अस्पताल ले जाने पर राम जतन को मृत घोषित कर दिया गया। वारदात के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

गौर ग्रीन सोसायटी में जली इमारत के सरिये पिघले, पिलर में दरार, होगी जांच

कौमी पत्रिका

गाजियाबाद। इंदिरापुरम स्थित गौर ग्रीन एवेन्यू सोसायटी में भीषण आग से प्रभावित टावर डी की इमारत को भारी क्षति पहुंची है। करीब चार घंटे तक उच्च तापमान झेलने के कारण इसके मुख्य पिलर में तीन फीट लंबी दरार पड़ गई है। सरिये भी कमजोर हो गए हैं। इससे कंक्रीट की पकड़ ढीली पड़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी स्थिति में इमारत की भार वहन क्षमता घट जाती है। मामूली भूकंप में भी ढहने का खतरा रहता है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने विशेषज्ञों से इमारत की जांच कराने का फैसला लिया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही तय किया जाएगा कि यहां लोगों को रहने की अनुमति दी जाए या नहीं। आरडब्ल्यूए ने भी सुरक्षा और ढांचे को मजबूत बनाने के लिए टावर का स्ट्रक्चर ऑडिट कराने का फैसला लिया है। घटना की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दीवारों पर लगीं स्टील की एंगल आग की चपेट में आने से प्लास्टिक की भांति पिघल गईं और उसकी धातु बूंद-बूंद कर जमीन पर आ गिरी। प्लास्टर गिरने से छत और दीवारें भी कमजोर हो गई हैं। अग्निशमन विभाग के पूर्व सीएफओ के मुताबिक, लंबे समय तक आग का ताप झेलने से पिलर और दीवारों में दरार स्वाभाविक है। उच्च तापमान में लोहे के सरिये पिघलकर नरम पड़ जाते हैं। इससे कंक्रीट और लोहे का बंधन टूट जाता है, जिससे स्ट्रक्चर कमजोर हो जाता है। आग की चपेट में आए सात फ्लैट्स के परिवार सोसायटी छोड़कर रिश्तेदारों के यहां और होटलों में शरण लेने को मजबूर हैं। 11वीं मंजिल पर रहने वाले पूर्व सीएमओ नीरज मित्तल ने भी फ्लैट खाली कर दिया है। वह अपने बेटे के पास नोएडा चले गए हैं। उन्होंने बताया कि फ्लैट का कुछ हिस्सा ही आग की चपेट में आया है, लेकिन पिलर

में दरार पड़ने से यहां रहना सुरक्षित नहीं लग रहा। बिल्डिंग के गिरने का भय सता रहा है। जिलाधिकारी ने बिल्डिंग की स्ट्रक्चरल जांच के लिए चार सदस्यीय टीम गठित की है। इसमें प्राधिकरण, पीडब्ल्यूडी, फायर और इलेक्ट्रिकल सेफ्टी विभाग के अधिकारी शामिल हैं। तीन दिन में रिपोर्ट आने के बाद तय होगा कि बिल्डिंग को खाली कराया जाएगा या स्ट्रक्चर सेफ्टी सर्टिफिकेट देकर लोगों को रहने की अनुमति दी जाएगी। फ्लैट्स के फर्नीचर, पीवीसी वर्क और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों ने आग में घी का काम किया। टीम पीवीसी वर्क की भी जांच करेगी। बृहस्पतिवार को दिनभर आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने सुरक्षा और ढांचे को मजबूत बनाने पर मंथन किया। फिलहाल टावर डी का स्ट्रक्चर ऑडिट कराने का फैसला लिया गया है। ऑडिट रिपोर्ट आने के बाद ही मरम्मत और रखरखाव कार्यों की विस्तृत रूपरेखा तय की जाएगी। आरडब्ल्यूए के उपाध्यक्ष दिनेश त्यागी ने बताया कि आग से इमारत को हुए नुकसान का आकलन रिपोर्ट के आधार पर किया जाएगा और उसी के अनुसार आवश्यक कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने राहत जताई कि हादसे में कोई व्यक्ति झुलसा तक नहीं। साथ ही कहा कि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा इंतजामों को और मजबूत किया जाएगा। त्यागी ने बताया कि जीडीए के समक्ष दो टावरों के बीच हर तीन से चार मंजिल पर स्काई ब्रिज बनाने का प्रस्ताव रखा जाएगा। अनुमति मिलने पर इस पर काम शुरू किया जाएगा। उनका कहना है कि स्काई ब्रिज बनने से किसी एक टावर में आपात स्थिति होने पर निवासी दूसरे टावर में सुरक्षित पहुंचकर वहां की लिफ्ट से नीचे उतर सकेंगे। इसके अलावा जल्द ही सोसायटी की जीबीएम बुलाई जाएगी, जिसमें सुरक्षा, रखरखाव और अन्य सुधार कार्यों पर व्यापक चर्चा कर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

सरकारी स्कूल के 10 लाख छात्रों को एक महीने बाद भी नहीं मिलीं किताबें, हाईकोर्ट का शिक्षा सचिव को नोटिस

नई दिल्ली। कैसी विडंबना है कि सरकारी स्कूल के 10 लाख छात्रों को अभी तक किताबें नहीं मिली हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग के सचिव को अवमानना नोटिस जारी किया है। यह अवमानना नोटिस सरकारी स्कूलों के करीब 10 लाख छात्रों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध ना कराए जाने पर जारी किया है। दिल्ली हाईकोर्ट की एकलपीठ न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ सोशल ज्यूरिस्ट की अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में आरोप लगाया गया कि कोर्ट के पिछले आदेशों और सचिव द्वारा दिए गए स्पष्ट वादों के बावजूद दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक पढ़ने वाले लगभग 10 लाख छात्रों को नई शैक्षणिक सत्र 2026-27 शुरू होने के एक महीने बाद भी पाठ्यपुस्तकें और नोटबुक नहीं पहुंचाई गई हैं। अधिवक्ता अशोक अग्रवाल और कुमार उत्कर्ष ने याचिका में तर्क दिया कि कोर्ट के आदेशों की जानबूझकर अवहेलना की जा रही है, जिससे बच्चों की शिक्षा बुरी तरह प्रभावित हो रही है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकारी स्टैंडिंग काउंसल से सवाल किया और गंभीर लापरवाही पर नाराजगी जताई। स्टैंडिंग काउंसल ने कोर्ट को बताया कि किताबें ग्रीष्म अवकाश शुरू होने से पहले सभी छात्रों को वितरित कर दी जाएंगी। कोर्ट ने इस सबमिशन को बाध्यकारी मानते हुए नोटिस जारी किया और जवाबदेह पक्षकारों को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। 8 अप्रैल 2024 को दिल्ली हाईकोर्ट ने सचिव (शिक्षा) के उस आश्वासन को रिकॉर्ड पर लिया था जिसमें उन्होंने कहा था कि किताबें, नोटबुक, लेखन सामग्री और फर्नीचर सभी छात्रों को समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएंगी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि फंड की कोई कमी नहीं है। इसके बाद 4 जुलाई 2024 के आदेश में कोर्ट ने शिक्षा निदेशालय को बुनियादी ढांचे से संबंधित सभी दिशानिर्देशों और समय-सीमाओं का पालन करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने इन वादों को स्वीकार कर निदेशालय को बाध्य किया। इसके बाद 22 अप्रैल 2024 को दाखिल हलफनामे और 9 मई 2024 की अनुपालन रिपोर्ट में विभाग ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और किताबों का वितरण शुरू हो चुका है। सचिव (शिक्षा) ने 16 अप्रैल 2024 के पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि किताबें मार्च के अंतिम सप्ताह या 1 अप्रैल को सत्र शुरू होते ही छात्रों को वितरित कर दी जाएं। शैक्षणिक सत्र को शुरू हो चुका है, लेकिन अब तक लाखों छात्रों को किताबें नहीं मिली हैं। स्कूल 9 मई को ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए बंद हो जाएंगे और एक जुलाई को ही दोबारा खुलेंगे। ऐसे में छात्र तीन महीने तक बिना किताबों के रह जाएंगे, जिससे बुनियादी साक्षरता-संख्यात्मकता पाठ्यक्रम पूरा करना और पढ़ाई की निरंतरता बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

22 वर्षीय लड़की का अपहरण, लोगों ने दो अपहरणकर्ताओं को पकड़ लगाई मार

गाजियाबाद। अर्थ सोसाइटी के बाहर एक 22 वर्षीय युवती का अपहरण कर लिया गया। घटना के तुरंत बाद, युवती के परिवार और सोसाइटी के निवासियों ने तत्परता दिखाते हुए अपहरणकर्ताओं में से दो को पकड़ लिया। आक्रोशित भीड़ ने दोनों आरोपियों की जमकर पिटाई की और बाद में उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। युवती का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना मिलन अर्थ सोसाइटी के बाहर हुई। 22 वर्षीय युवती, जो मिलन अर्थ सोसाइटी की निवासी बताई जा रही है, जब वह बाहर थी तो उसका अपहरण कर लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही युवती के परिजन और सोसाइटी के अन्य निवासी तुरंत हरकत में आ गए। स्थानीय लोगों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहरण में शामिल दो आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया। गुस्साए लोगों ने दोनों अपहरणकर्ताओं की खूब पिटाई की। इसके बाद, उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है और अपहरण में शामिल अन्य लोगों की तलाश जारी है। फिलहाल, अपहृत युवती का कोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन युवती की तलाश में जुट गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस ने तलाशी अभियान तेज कर दिया है और विभिन्न इलाकों में नाकेबंदी कर दी गई है।

बुजुर्ग ने हिम्मत दिखा घर में चोरी करने घुसे चोर को किया कमरे में बंद

मुरादनगर। यूपी के मुरादनगर स्थित शीतलपुरी कॉलोनी में बुधवार रात एक बुजुर्ग महिला ने हिम्मत दिखा घर में चोरी करने घुसे चोर को कमरे में बंद कर दिया। जबकि उसका साथी फरार हो गया। पुलिस पकड़े गए चोर से पूछताछ कर रही है। शीतलपुरी कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश परिवार समेत रहते हैं, परिवार में पत्नी वीरों, बेटे अभिषेक व राज और बेटी प्रिया व शशि हैं। बुधवार रात परिवार के सभी सदस्य घर में अपने अपने कमरे में सोए हुए थे। रात्रि करीब 2:30 बजे ओमप्रकाश की पत्नी वीरों शौच के लिए उठीं, उन्होंने देखा मंदिर व कमरा खुला हुआ है। कमरे की लाइट जलाई तो देखा एक युवक कमरे में घुम रहा है। युवक ने महिला पर हमला कर दिया, बुजुर्ग महिला ने शोर मचाते हिम्मत दिखा चोर को कमरे में धक्का देकर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। शोर सुनकर परिवार व कॉलोनी के लोगों जाग गए। आसपास के लोगों को मौके पर आता देख दूसरा चोर भाग गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद लोगों ने चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। एसीपी ने बताया कि पकड़े गए चोर से पूछताछ की जा रही है, उसके फरार साथी की तलाश की जा रही है।

27 करोड़ रुपये की कर चोरी के आरोप में कारोबारी पर रिपोर्ट दर्ज

इंदिरापुरम। राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने 27 करोड़ रुपये की कर चोरी के आरोप में इंदिरापुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। राज्य कर विभाग की सहायक आयुक्त कल्पना सिंघल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वसुंधरा सेक्टर-2 के पते पर अप्रैल 2025 में धर्मेश एंटरप्राइजेज नाम से फर्म पंजीकृत कराई गई। फर्म संचालक ने न सिर्फ फर्जी आईटीसी हासिल की बल्कि कर भी नहीं दिया। इससे राजस्व को करीब 27 करोड़ का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि टीम जांच के लिए फर्म के पते पर टीम पहुंची तो वहां कोई काम होता नहीं मिला। उक्त पते पर मिले व्यक्ति ने कहा कि उन्होंने कोई फर्ज पंजीकृत नहीं कराई। शुरुआती जांच में फर्म को किराये के भवन में संचालित दिखाकर फर्जीवाड़ा करने की बात सामने आई है। राज्य कर विभाग ने शिकायत देकर नेटवर्क में शामिल आरोपियों का पता लगाने के लिए अपील की है। फर्म ने बिना खरीददारी किए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 16.17 करोड़ रुपये की फर्जी आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) का दावा किया था। साथ ही करीब 60 करोड़ रुपये की बिक्री दिखाते हुए 10.91 करोड़ रुपये के कर की देनदारी स्वीकार की। कर का भुगतान आईटीसी से समायोजित करते हुए बाकी रकम हड़प ली। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पते और नंबर के आधार पर छानबीन कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली हाईकोर्ट ने खेल उपकरणों की टेंडर प्रक्रिया में दखल देने से इनकार किया

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट की दो सदस्यीय खंडपीठ ने सरकारी स्कूलों के लिए खेल तथा आउटडोर जिम उपकरणों की खरीद संबंधी टेंडर शर्तों को चुनौती देने वाली एक याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि बोली न लगाने वाले एमएसएमई उद्यमियों द्वारा इतनी देरी से दायर की गई याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति अनिल क्षेतरपाल और न्यायमूर्ति अमित महाजन की खंडपीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि टेंडर प्रक्रिया काफी आगे बढ़ चुकी है और याचिकाकर्ताओं ने बोली प्रक्रिया में भाग नहीं लिया था। ऐसे में न्यायिक हस्तक्षेप उचित नहीं है। अदालत ने इसे 'लैचेस' (अनुचित विलंब) का स्पष्ट मामला करार दिया। याचिकाकर्ता जेम (जीईएम) पोर्टल पर पंजीकृत कुछ गैर-बोलीदाता एमएसएमई थे, जिन्होंने टेंडर में सैंपल जमा करने की शर्त और अन्य प्रावधानों पर आपत्ति जताई थी। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी इस टेंडर का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में खेल सुविधाएं बढ़ाना है।अदालत ने हालांकि टेंडर की कुछ शर्तों जैसे सैंपल सबमिशन और एमएसई लाभ संबंधी व्यापक मुद्दों को भविष्य में किसी उचित मामले में परीक्षण के लिए खुला रखा है।

अनियंत्रित डंपर ने टेंपो को मारी जोरदार टक्कर, 100 मीटर तक घसीटा, दो की चली गई जान

रजबपुर (अमरोहा)। रजबपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के हुए सड़क हादसे में टेंपो सवार पिंटू (32) और नीरज (38) की मौत हो गई। तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने टेंपो को टक्कर मारने के बाद करीब 100 मीटर तक घसीटा। पेड़ से टकराने के बाद टेंपो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद अज्ञात चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह हादसा अमरोहा-अतरासी मार्ग पर गांव सूदनपुर के पास शुक्रवार सुबह करीब चार बजे हुआ। अमरोहा नगर के फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी पिंटू टेंपो चालक थे और अमरोहा की मंडी में काम करते थे। उनके साथ मोहल्ला काला कुआं निवासी नीरज कुमार भी टेंपो पर कार्य करता था। दोनों शुक्रवार रात अंगूर लादकर हापुड़ मंडी गए थे और देर रात वापस लौट रहे थे। जैसे ही दोनों अतरासी से अमरोहा की ओर बढ़ते हुए सूदनपुर के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे डंपर ने गलत दिशा में जाकर टेंपो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर टेंपो को लगभग 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया और अंत में सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। हादसे में टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार पिंटू व नीरज गंभीर रूप से फंस गए। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद टेंपो में फंसे दोनों युवकों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद चालक डंपर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया।

मेडिकल कॉलेज और औद्योगिक क्षेत्रों में महिलाएं खोलेंगी कैंटीन

गाजियाबाद। महिलाओं को रोजगार मिले और वहा आत्मनिर्भर बन सकें इसके लिए भीड़भाड़ वाले स्थानों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कैंटीन खुलवाने के आदेश हैं। शासन ने सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज, औद्योगिक क्षेत्र, सरकारी कार्यालयों में कैंटीन बनवाने के आदेश दिए हैं। इसके लिए जिलाधिकारी की तरफ से सभी विभागों को पत्र भेजा जा रहा है। सभी विभागों को स्थान चिह्नित करके उसकी जानकारी देनी है। उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन की तरफ से महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए जगह-जगह कैंटीन खोली जाएंगी। शासन के आदेश के बाद डीडीओ प्रज्ञा श्रीवास्तव ने पुलिस लाइन, औद्योगिक क्षेत्र, मेडिकल कॉलेज, डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज, लोनी तहसील, मोदीनगर तहसील, लोनी का संयुक्त अस्पताल, रोडवेज बस अड्डे सहित अन्य सरकारी विभागों में जहां कैंटीन नहीं हैं वहां के लिए प्रस्ताव तैयार किया है। जिलाधिकारी की तरफ से सभी विभागों के पास स्थान चिह्नित करने के लिए यह पत्र भेजा जा रहा है। जहां-जहां निशुल्क स्थान मिल जाएगा वहां महिलाओं की कैंटीन खुलवाई जाएगी। इससे पहले विकास भवन परिसर सबसे पहली कैंटीन खुली थी जो पिछले पांच छह वर्षों से संचालित हो रही है। उसके अलावा महिला अस्पताल, एमएमजी अस्पताल सहित अन्य कई स्थानों पर कैंटीन खोली गई हैं। कैंटीन संचालित करने वाली महिलाएं अब लखपति दीदी की श्रेणी में आ गई हैं। डीडीओ प्रज्ञा श्रीवास्तव ने बताया कि इसके अलावा भी ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं में भी महिलाओं के लिए दुकानें खुलवाने के निर्देश दिए गए हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बने उत्पादों को एक प्लेटफार्म मिल सके इसके लिए विकास भवन परिसर में दुकानें बनाई गई हैं। इन दुकानों में महिलाओं के उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अलावा विकास भवन में ही एनआरएलएम शोरूम तैयार किया गया है जिसमें फार्मर प्रोड्यूसर आॅर्गेनाइजेशन (एफपीओ) सहित महिलाओं के उत्पाद रखे गए हैं। इसमें मसालों, अनाज की बिक्री सहित महिलाओं के बनाए जूट के बैग, कपड़े, कान्हा जी की पोशाक, मिट्टी के बर्तन सहित आर्टिफिशियल ज्वैलरी आदि भी बिक रही है।

सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा सुविधाओं का विस्तार

नई दिल्ली। डीडीए की ओर से सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जल्द ही सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। यहां विभिन्न प्रशासनिक कार्यालयों के लिए कस्टमाइज्ड फर्नीचर उपलब्ध कराने की योजना पर काम शुरू किया है। डीडीए के अनुसार, यहां के कार्यालयों में आधुनिक डिजाइन और जरूरत के अनुरूप तैयार फर्नीचर लगाया जाएगा। यह कार्य सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रहे रखरखाव कार्यों का हिस्सा है। लंबे समय से उपयोग में आ रहे पुराने फर्नीचर को बदलकर नई व्यवस्था के तहत ऑफिस स्पेस का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। विभाग का कहना है कि इस तरह के सुधारों से प्रशासनिक कार्य बेहतर होंगे। साथ ही खेल परिसर में आने वाले खिलाड़ियों और आगंतुकों को भी बेहतर अनुभव मिलेगा। इस योजना की लागत करीब 28 लाख रुपये तय की गई है। इस काम को पूरा करने की समय सीमा करीब दो महीने रखी है। इसके अलावा चिन्हित फर्म पर समान कार्य करने का अनुभव भी अनिवार्य है।

NAME CHANGE

I, JADHAV SAVITA VITTHAL, is legally mother of Army No. 2817597X, Rank – Sep, Name – JADHAV VINOD VITTHAL, presently residing at Vill – Rajuri, Post – Rajuri, Teh – Karmala, Dist – Solapur, State – Maharashtra, Pin – 413203, have changed my name from JADHAV SAVITA VITTHAL to SAVITA VITTHAL JADHAV for all future purposes. Vide affidavit dated 02/05/2026 before Public Notary Delhi.

NAME CHANGE

I, JADHAV VITTHAL SURYABHAN, is legally father of Army No. 2817597X, Rank – Sep, Name – JADHAV VINOD VITTHAL, presently residing at Vill – Rajuri, Post – Rajuri, Teh – Karmala, Dist – Solapur, State – Maharashtra, Pin – 413203, have changed my name from JADHAV VITTHAL SURYABHAN to VITTHAL SURYABHAN JADHAV for all future purposes. Vide affidavit dated 02/05/2026 before Public Notary Delhi.

NAME CHANGE

I BALJIT KAUR W/O JOGINDER SINGH R/O WZ-69 E/2 MEENAKSHI GARDEN TILAK NAGAR DELHI-110018 have changed my name to BALJEET KAUR Permanently for all Future purpose

NAME CHANGE

I MANPREET D/O DAVINDER SINGH R/O WZ-170,MUKHARJI PARK TILAK NAGAR DELHI-110018 have changed my name to MANPREET KAUR Permanently for all Future purpose

NAME CHANGE

I hitherto known as Firoz khan alias Firoz Malik S/O: Bundu Fauji, R/O house No A-5, era garden, near sarasvati lok, noor nagar road, Meerut, Meerut, Uttar Pradesh - 250002, have changed my name and shall hereafter be known as FIROZ KHAN.

NAME CHANGE

I ,Jogendra kumar S/O Mohar Singh, R/O 139, aurangshahpur golabarh, rohta road, Meerut, meerut City, Uttar Pradesh, 250002, have changed the name of my minor son Kaku aged 15 year's and he shall hereafter be known as KARTIK.

Name Correction

I MOHAMMED AZIZ S/O MOHMMAD YAHIYA Resident of House No 1010 GALI NO 32 JAFRABAD SEELAMPUR NORTH EAST Delhi 110053 do hereby solemnly affirm and declare as under.That my Passport mention My Father incorrect name is MOHD YAHYA ALVI My Father Correct name MOHMMAD YAHIYA.

सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि श्री सुरेन्द्र कुमार पंचाल एवं श्रीमती संतोष कुमारी, ग्राम सराय ख्वाजा, कॉलोनी जिसका नाम अशोका एन्क्लेव एक्सटेंशन नं. III, फरीदाबाद है, में स्थित आवासीय प्लॉट नं. 11, क्षेत्रफल 516.66 वर्ग गज पर निर्मित फ्रीहोल्ड आवासीय इकाई, अर्थात् फ्लैट नं. 11, ग्राउंड फ्लोर (फ्रंट साइड), जिसका कवर क्षेत्रफल 1400 वर्ग फुट है तथा जिसमें छत के अधिकार शामिल नहीं हैं, को श्री सुशांत मिश्रा से खरीदने का इरादा रखते हैं। उक्त संपत्ति के प्रारंभिक मूल स्वामी M/s Greater Ashoka Land & Development Co. (P) Ltd. थे, जिन्होंने दिनांक 14.05.2003 की विक्रय विलेख (Sale Deed) के माध्यम से यह संपत्ति श्री अश्वनी खोसला को बेची। इसके पश्चात श्री अश्वनी खोसला ने दिनांक 24.03.2011 की विक्रय विलेख के माध्यम से यह संपत्ति श्री चमन लाल खोसला को बेची। तत्पश्चात श्री चमन लाल खोसला ने दिनांक 05.01.2022 को पंजीकृत सामान्य पावर ऑफ अटॉर्नी (GPA), एग्रीमेंट टू सेल एवं वसीयत (Will) के माध्यम से यह संपत्ति श्री सुशांत मिश्रा को हस्तांतरित की। अतएव, श्री सुशांत मिश्रा उपरोक्त संपत्ति के स्वामी बताए जाते हैं। उक्त संपत्ति किसी भी प्रकार के वाद-विवाद, बंधक, देनदारी, भार अथवा दावे से मुक्त बताई जाती है। कृपया यह भी ध्यान दें कि उक्त संपत्ति को Bajaj Housing Finance Ltd., Gurgaon Branch, Haryana के द्वारा वित्तपोषित (financed) द्वारा किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

[अश्वनी कुमार] अधिवक्ता
चेंबर संख्या 122, तहसील परिसर,
गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश
ईमेल-
kumarw®wvashwani@gmail.com

PUBLIC NOTICE

THE PUBLIC AT LARGE TAKE NOTICE THAT MY CLIENTS SMT. KRISHNA DEVI AND SH. OMVEER SINGH, R/O PLANT ROAD GALI NO.3, RAMESHWAR MARRIGE HOME, ADARSH COLONY BIHARIPURA, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201009, HEREBY DISINHERIT HER SON PRAVEEN KUMAR AND DAUGHTER-IN-LAW POOJA SINGH W/O SH. PRAVEEN KUMAR FROM ALL THEIR PROPERTIES MOVABLE AND IMMOVABLE BECAUSE OF THEIR BAD CHARACTER AND UNCONTROLLABLE BEHAVIOR. THE SAID PERSONS WOULD THEREFORE BE NO LONGER SON & DAUGHTER-IN-LAW OF MY CLIENTS, THE SAID SON & DAUGHTER-IN-LAW WILL NOT INHERIT ANY PROPERTY OF MY CLIENTS WHILE ALIVE OR AFTER THE DEATH OF MY CLIENTS, MY CLIENTS SHALL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY QUARREL, CRIMINAL CIVIL CASE, OR OTHER ACTS OF HIS FAMILY MEMBERS AND RELATIVES OR FOR ANY DEBTS INCURRED BY THEM

NITIN HOODA ADVOCATE
CHAMBER NO. 628, 6th FLOOR
LAWYER'S CHAMBER BLOCK,
DWARKA DISTRICT COURT.
SEC-10, NEW DELHI-75

अदालती सूचना
न्यायालय,
श्रीमान् सब जज छः गया।

हकियत वाद सं0- 2/2025
ईश्वरी मिस्त्री वगैरह ....**वादीगण**
बनाम
मदन लाल उर्फ मदन मिस्त्री
वगैरह ....प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम

प्रतिवादी सं0 1. मदन लाल उर्फ मदन मिस्त्री, पिता स्व0 बाबु लाल मिस्त्री, निवासी ग्राम-कजुर टोला राजवारा खुर्द, थाना अतरी, जिला गया, 2. श्रवण कुमार पिता स्व0 बाबु लाल मिस्त्री, निवासी ग्राम कजुर टोला राजवारा खुर्द, याना अतरी, जिला गया, वर्तमान ई0बी0/1 तीसरा तल्ला विजय विहार फेज-01 रोहनीसेक, नई दिल्ली पिन- 110085। वजरिये नोटिस आपलोगों को सुचित किया जाता है कि आपलोगों के विरुद्ध उपरोक्त हकियत वाद मेरे न्यायालय में लाया गया है। आपलोगों के विरूद्ध न्यायालय द्वारा नजारत एवं निबंधित डाक द्वारा सम्मन नोटिस की कारवाई की जा चूकी है। किन्तु आपलोग आज तक उपस्थित नहीं हुचे हैं। अतः दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से अंतिम सूचना भेजी जा रही है ताकि अगली निर्धारित तिथि को इस हकयत वाद में दिनांक 19-06-26. को 7.30 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा आपसबों के विरूद्ध हकियत वाद की सुनवाई एकपक्षीय कर ली जायेगी। इसे ताकिद जानें।
आज दिनांक 27-4-26 को को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है
सब जज छः गया।

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that my client Sh. Vivek Kumar S/o Late Sh. Gajraj Singh R/o F-80, B, Jaitpur Extension, Badarpur, New Delhi-110044 Also At: E-54, Roop Nagar, Jaitpur, New Delhi-110044 has disowned his son namely Yash Kumar @ Yash Gaur, aged 24 years his all movable and immovable property and has disconnected his relations with him due to their ill behaviour towards my client.

RANJIT SINGH Advocate
Chamber No.640, Saket Courts,
New Delhi-110017

NAME CHANGE

I, SADIA KHAN/SADIYA KHAN W/O MOHD AAQIL KHAN Residing at D-69 BAND GALI NEAR SAEEDIYA MASJID, CHAUHAN BANGAR SEELAMPUR, North East Delhi, 110053 have changed my name to SHADIYA for all future purpose.

NAME CHANGE

I, AAQIL KHAN/AAKIL KHAN S/O SAJID ALI KHAN Residing at D-69 BAND GALI NEAR SAEEDIYA MASJID, CHAUHAN BANGAR SEELAMPUR, North East Delhi, 110053 have changed my name to MOHD AAQIL KHAN for all future purpose.

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.PC. / 84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **अमन पांचाल, पुत्रः** विरेन्द्र पांचाल **पताः** म. नंबर 51, कैमराला चक्रसेनपुर, दादरी, गौतम बुद्ध नगर, यूपी - 203207, ने **CC No: 5121/24, U/s: 138 NI Act, थानाः रुपनगर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **अमन पांचाल,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **अमन पांचाल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No: 5121/24, U/s: 138 NI Act, थानाः रुपनगर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **अमन पांचाल,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अर्जुन किरार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–05
केंद्रीय, कमरा सं. 2, ग्राउंड फ्लोर,
एनेक्सी 1 भवन, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/5792/N/2026
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बब्लू कुमार** पुत्र श्री राजबीर निवासी मकान नंबर 1260, सेक्टर-3, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 97/2018 धारा 279/427भा.द.स और 185 एमवी अधिनियम, थाना मौरिस नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बब्लू कुमार** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **बब्लू कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **बब्लू कुमार, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 97/2018 धारा 279/427भा.द.स और 185 एमवी अधिनियम, थाना मौरिस नगर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **सुबह 10:00 बजे** दिनांक **06.06.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
श्री करणबीर सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-02
कमरा संख्या 26
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली
DP/5668/N/2026

NAME CHANGE

I, JC-710661A, Rank-NB SUB Name-BIKASH UPADHYAY Unit ARMY HOSPITAL R&R DELHI CANTT R/o 86 SAWANSA, BAKSHA, JAUNPUR, UTTAR PRADESH-222108, have changed my father's name from MAHENDER KUMAR UPADHYAY to MAHENDRA KUMAR UPADHYAY for all future purposes vide Affidavit dated 02/05/2026 before Notary Public, Delhi.

DATE OF BIRTH CHANGE

I, NO-15488135F, Rank-DFR, Name-GOVIND PATHAK residing at VPO-BERI, BER, DARBHANGA, BIHAR-848213, in my service records, my father's (RAM NARAYAN PATHAK), date of birth is wrongly mentioned as 01/07/1963 instead of correct date of birth as 01/11/1961, vide affidavit dated 02/05/2026, before Notary Public, New Delhi.

DATE OF BIRTH CHANGE

I, NO-15488135F, Rank-DFR, Name-GOVIND PATHAK residing at VPO-BERI, BER, DARBHANGA, BIHAR-848213, have changed my mother's name from FOOLIDAY DEVI to FUL DEVI for all future purposes, and in my service records, my mother's date of birth is wrongly mentioned as 01/07/1965 instead of correct date of birth as 01/01/1966, vide affidavit dated 02/05/2026, before Notary Public, New Delhi.

NAME CHANGE

I, JYOTHI wife of NO-14661512W, Rank-HAV, Name-JANARDHANA RAO CHITTIRI residing at 2-9, MAIN STREET, ANANDAPURAM, SRIKAKULAM, ANDHRA PRADESH-532168, have changed my name from JYOTHI to JYOTHI CHITTIRI for all future purposes, vide Affidavit dated 02/05/2026 before Executive Magistrate, Delhi

NAME CHANGE

It is for general information that I, VIMAL EMMANUEL TYAGI S/o SAMUEL CHANDER PRASAD TYAGI, R/o H NO-575, NEAR JEET RASHAN SHOP, PANA UDYAN, NARELA DELHI-110040, declare that name of mine and my father has been wrongly written as VIMAL E TYAGI and S C PRASAD TYAGI in my Education Document . The actual name of mine and my father is VIMAL EMMANUEL TYAGI and SAMUEL CHANDER PRASAD TYAGI, which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in

R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472

Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

रेडियो के प्रति अटूट प्रेम : रमेश कुमार ने आकाशवाणी हिसार संग्रहालय को भेंट किए अपने पसंदीदा सात रेडियो सेट

एजेंसी

हिसार। आकाशवाणी हिसार के संग्रहालय में उस समय एक भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब स्थानीय निवासी रमेश कुमार ने अपने अनमोल खजाने में से सात ऐतिहासिक रेडियो सेट आकाशवाणी को भेंट किए। रेडियो के प्रति अपनी दीवानगी के लिए पहचाने जाने वाले रमेश कुमार ने इन रेडियो सेट्स को संग्रहालय की शोभा बढ़ाने के लिए भेंट स्वरूप दिये। रेडियो : एक हमसफ़र की तरह रमेश कुमार ने अपनी यादें सांझा करते हुए बताया कि रेडियो उनके जीवन का केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि उनके जीवन का सबसे अहम हिस्सा रहा है। उन्होंने बताया कि जब वे रेहड़ी लगाते थे, तब पूरा दिन रेडियो उनके साथ रहता था। रेडियो पर बजते गीतों और कार्यक्रमों की वजह से उनका कठिन काम भी आसान हो जाता था। रेडियो ने एक सच्चे साथी की तरह हर सुख-दुख में उनका साथ निभाया। आज भी जारी है लगाव वर्तमान में एक निजी स्कूल में गेटकीपर के तौर पर कार्यरत रमेश कुमार आज भी अपने कर्तव्य के दौरान पूरा दिन रेडियो सुनते हैं। उन्होंने बताया कि रेडियो के माध्यम से वे दुनिया भर की जानकारियों और मनोरंजन से जुड़े रहते हैं, जिससे वे अपना काम खुशी-खुशी और ऊर्जा के साथ कर पाते हैं। विरासत का संरक्षण आकाशवाणी को भेंट किए गए इन सात रेडियो सेट्सकी खासियत यह है कि ये 30 से 50 साल पुराने हैं।

जजपा कार्यकर्ता कृष्ण गाड़ोली व पवन धनकोट पार्टी से निष्कासित

गुरुग्राम। पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर जननायक जनता पार्टी कार्यकर्ता कृष्ण गाड़ोली व पवन धनकोट को तत्काल प्रभाव से पार्टी के सभी पदों से निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकरान के मुताबिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा तथा पूर्व उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत यह कार्रवाई की गई। सुरेंद्र ठाकरान ने स्पष्ट किया कि जननायक जनता पार्टी अनुशासन और संगठनात्मक मर्यादा के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है। किसी भी स्तर पर पार्टी विरोधी गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोनों कार्यकर्ताओं को 29 मार्च 2026 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, किंतु उनका जवाब असंतोषजनक पाया गया तथा उनके अन्य राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होने के प्रमाण भी सामने आए। पार्टी ने पूर्व में कृष्ण गाड़ोली को नगर निगम गुरुग्राम में पार्षद (काउंसलर) के रूप में नामित कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके बावजूद उनका इस प्रकार का आचरण न केवल संगठनात्मक अनुशासन के विरुद्ध है, बल्कि पार्टी के विश्वास के साथ भी प्रतिकूल है।

लुवास्ता कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित, शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

हिसार। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), में अध्यापक संघ 'लुवास्ता' के लिए विभिन्न पदों के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। सभी पदों पर उम्मीदवारों का निर्विरोध निर्वाचन संगठन में आपसी सहमति, एकजुटता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण का प्रतीक है। घोषित परिणामों के अनुसार डॉ. अमित पूनिया को अध्यक्ष, डॉ. गौरव गुप्ता को उपाध्यक्ष, डॉ. सतीश जांगड़ा को महासचिव, डॉ. रचना को संयुक्त सचिव तथा डॉ. कनिष्ठ बत्रा को कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुना गया है। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में डॉ. तेज प्रकाश, डॉ. वंदना चौधरी, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. जसमेर एवं डॉ. ज्योत्सना का भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। इस अवसर पर लुवास्ता के वरिष्ठ शिक्षकगणों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। निवर्तमान प्रधान डॉ. अशोक मलिक ने भी नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह टीम संगठन के कार्यों को नई दिशा देगी और उन्हें और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह विश्वविद्यालय के पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया।

नगर परिषद सफाई कर्मियों ने शुरू की दो दिवसीय हडताल

जींद। नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर सफाई कर्मचारियों ने अपनी दो दिवसीय हडताल शुरू की। हडताल की अध्यक्षता जिला प्रधान सोहनलाल ने की। हडताल के चलते जिले में सफाई कार्य भी नही किया गया। जिसके चलते शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए। नगर परिषद कार्यालय परिसर में हडतालरत सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सोहनलाल ने कहा कि वो लंबे समय से मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं लेकिन उनकी मांगों की तरफ कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। कर्मचारी नेता विक्रम सिंह ने कहा कि मई दिवस पर नगर पालिका कर्मचारियों ने हडताल शुरू की है। रिटायर्ड कर्मचारी संघ उनकी हडताल का समर्थन करता है। आज मई दिवस भी है और मजदूरों के हकों पर पर ही सरकार लगातार हमला कर रही है। सकसं नेता संजीव ढांडा ने कहा कि नगर पालिका संघ ने जो दो दिवसीय हडताल शुरू की है, इसका सर्व कर्मचारी संघ समर्थन करता है। इनकी मांगें पूरी तरह से जायज हैं। सरकार लगातार सफाई कर्मियों के साथ अन्याय कर रही है। ठेकेदारी प्रथा को वो पूर्ण रूप से खत्म करवाना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नवांशहर में सतगुरु श्री ब्रह्मानंद जी महाराज को दी श्रद्धांजलि

बोले— नर सेवा ही नारायण सेवा का मार्ग दिखाया

एजेंसी

चंडीगढ़/ नवांशहर (पंजाब)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंजाब के नवांशहर पहुंचे, जहां उन्होंने सतगुरु श्री ब्रह्मानंद जी महाराज भूरीवाले के 24वें निर्वाण दिवस समारोह में भाग लिया। इस आध्यात्मिक समागम में मुख्यमंत्री ने गुरुदेव के चरणों में नमन करते हुए उनके द्वारा दिखाए गए सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। 'बिनु सत्संग विवेक न होई ' समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने मानस की चौपाई का उल्लेख किया : 'बिनु सत्संग विवेक न होई। राम कृपा बिनु सुलभ न सोई।' उन्होंने कहा कि बिना सत्संग के विवेक प्राप्त नहीं होता और ईश्वर की कृपा के बिना सत्संग का सौभाग्य नहीं मिलता। उन्होंने नवांशहर की पावन धरा पर इस अवसर को अपना सौभाग्य बताया।

मुख्यमंत्री सैनी ने सतगुरु श्री ब्रह्मानंद जी महाराज के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरुदेव ने न केवल अध्यात्म का ज्ञान दिया, बल्कि 'मानव सेवा ही ईश्वर की सेवा है' के सिद्धांत को अपने जीवन में जीकर दिखाया।

शिक्षा और स्वास्थ्य में योगदान: महाराज जी द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए कार्य आज भी समाज के लिए प्रेरणापुंज बने हुए हैं।

प्रेरणादायक जीवन: उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और आध्यात्मिक चेतना जागृत करने में समर्पित कर दिया।

भूरीवाले संप्रदाय से जुड़ाव : समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के आगमन पर संप्रदाय के अनुयायियों और आयोजन समिति ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि सतगुरु के विचार सदैव मानवता का मार्गदर्शन करते रहेंगे और समाज में प्रेम व सद्भाव की भावना को सुदृढ़ करेंगे।

कांस्टेबल भर्ती के लिए अब तक 20 हजार का हुआ पीएमटी

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा में होने वाली पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए अब तक 20 हजार युवाओं का शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) पूरा हो चुका है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य एवं नोडल अधिकारी भूपेंद्र चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचकूला स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित शारीरिक माप परीक्षण के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह द्वारा परीक्षा व्यवस्थाओं का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है तथा आयोग के दो सदस्य भी प्रतिदिन सुधार रूप से प्रबंधन देख रहे हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो रही है। चौहान ने बताया कि 20 से 30 अप्रैल के बीच लगभग 20,000 अभ्यर्थियों ने शारीरिक माप परीक्षण में भाग लिया है। वर्तमान में यह परीक्षण प्रक्रिया जारी है। इस पूरी प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए लगभग 250 अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती की गई है, जिनमें हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, अग्निशमन विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग तथा नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए जीरकपुर बस स्टैंड से ताऊ देवीलाल स्टेडियम तक बस सेवा उपलब्ध करवाई गई है। स्टेडियम परिसर में अभ्यर्थियों के लिए विश्राम क्षेत्र (रेस्ट एरिया), पेयजल, टेंट तथा सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि एक अभ्यर्थी की पूरी प्रक्रिया में लगभग 40 से 45 मिनट का समय लगता है। अभ्यर्थियों को प्रवेश द्वार से निकास द्वार तक सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

स्वर्ण पदक विजेता सैनिक धावक को सेना की ओर से श्रद्धांजलि

एजेंसी

सोनीपत। भारतीय सेना के लांस नायक और स्वर्ण पदक विजेता एथलीट कृष्ण आंतिल की रस्म तेहरवीं गांव खेवड़ा में हुई। उनकी रेजिमेंट की ओर से कमांडिंग आफिसर के प्रतिनिधि के रूप में एक नायब सूबेदार, दो एनसीओ और एक लांस नायक गांव पहुंचे और शोक संवेदना संदेश उनकी माता पूजा देवी को सौंपा। पूरे गांव में शोक का माहौल रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने श्रद्धांजलि दी। कृष्ण आंतिल का जन्म 23 अप्रैल 2000 को सोनीपत जिले के गांव खेवड़ा में हुआ था। शुरुआती पढ़ाई गांव के निजी स्कूल में हुई। बचपन से ही दौड़ में रुचि रखने वाले कृष्ण ने स्कूल स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और एक दर्जन से अधिक पदक जीते। उनकी खेल प्रतिभा के आधार पर 10 मई 2021 को भारतीय सेना में भर्ती हुई और उनकी पोस्टिंग 110 मीडियम रेजिमेंट में हुई। खेल गतिविधियों के कारण वे अधिकतर समय हैदराबाद में प्रशिक्षण लेते रहे। उन्होंने स्कूल नेशनल, आर्मी सर्विस गेम्स, क्रॉस कंट्री और कमांड स्तर की प्रतियोगिताओं में रजत व स्वर्ण पदक हासिल किए। 23 अप्रैल 2026 को रूड़की में सेना की खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के बाद वे कार से अपने गांव लौट रहे थे। बड़ौत के पास उनकी कार पुलिया से टकरा गई और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही परिवार और गांव में शोक फैल गया। ग्रामीणों ने यमुना घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया, जहां क्षेत्रीय विधायक कृष्ण गहलोत ने भी संवेदना व्यक्त की। सेना की ओर से नायब सूबेदार जयबीर, हवलदार सतबीर, हवलदार सुजीत और लांस नायक मुकेश हुड्डा मौजूद रहे। परिजनों ने बताया कि एक साल पहले उनके पिता का निधन हो चुका था और उनका छोटा भाई भी सेना में सेवा दे रहा है।

नूंह में युवाओं को ध्यान में रखकर बढ़ाएं रोजगार के अवसर: असीम घोष

एजेंसी

नूंह। हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने नूंह जिले के विकास को नई दिशा देने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया। लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित इस बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले के समग्र विकास के लिए केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका प्रभावी और समन्वित क्रियान्वयन भी आवश्यक है। राज्यपाल ने प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी को रेखांकित करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर नागरिक को उचित सुनवाई मिले और उसकी समस्या का संतोषजनक समाधान हो, जिससे जनता और प्रशासन के बीच विश्वास मजबूत हो सके। साथ ही

उन्होंने फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग और कार्यों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने पर भी बल दिया। राज्यपाल ने सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि सरकारी भवन केवल संरचनाएं नहीं, बल्कि सरकार और जनता के साझा प्रयासों का प्रतीक होते हैं। ऐसे में इनमें कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को सकारात्मक कार्य वातावरण बनाते हुए जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करना चाहिए।शिक्षा क्षेत्र को लेकर राज्यपाल ने विशेष चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पर्याप्त शिक्षकों की उपलब्धता और विद्यार्थियों में अंग्रेजी व आधुनिक विषयों की समझ विकसित करना अत्यंत जरूरी है। स्कूलों में बढ़ती ड्रॉपआउट दर को गंभीर विषय बताते हुए इसे कम करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्रामीण युवाओं को उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। महिलाओं की शिक्षा और उनकी भागीदारी बढ़ाने को भी प्राथमिकता देने की बात कही गई। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए राज्यपाल ने अस्पतालों में सुविधाओं के विस्तार, डॉक्टरों और स्टाफ की उपलब्धता तथा आपातकालीन सेवाओं को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ये दोनों विभाग जिले के विकास की रीढ़ हैं। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को शांति, स्थिरता और जनविश्वास कायम रखने के निर्देश दिए गए।

हरियाणा में पेयजल आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें: नायब सिंह सैनी

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गर्मी के मौसम के मद्देनजर प्रदेश के सभी हिस्सों में पीने के पानी की आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। सभी तालाब, जलघर और अन्य जलाशय भरकर रखे जाएं। यह निर्देश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को सचिवालय में जन स्वास्थ्य विभाग व सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ पेयजल व कृषि सिंचाई के लिए पानी की स्थिति की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश व उत्तर प्रदेश से संबंधित किशाऊ सहित अन्य जल परियोजनाओं के संबंध में जल्द ही जल शक्ति मंत्रालय के साथ बैठक की जाएगी जिसमें इन राज्यों के अधिकारी भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रदेश के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पेयजल व सिंचाई के पानी की कमी न रहने दी जाए। उन्होंने कहा कि पेयजल

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए। (02.05.2026)

के लिए नहरों से जुड़े सभी जलघरों व तालाबों को भरकर रखा जाए। जहां ट्यूबवेल आधारित जलापूर्ति होती है वहां यदि कोई ट्यूबवेल खराब हो जाता है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर ठीक करवाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि जरूरत पड़े तो लोगों को टैंकर से भी पानी उपलब्ध करवाया जाए। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस बार भाखड़ा बांध में पानी की स्थिति काफी अच्छी है। इस समय भाखड़ा बांध में पानी का लेवल 36 फुट अधिक है। हरियाणा ने भाखड़ा बांध से अपने कोटे का अभी तक केवल 75-76 प्रतिशत पानी ही इस्तेमाल किया है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में जलघरों में पानी की उपलब्धता की समीक्षा की।

अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के 4000 एकल गांव आधारित जलघर हैं जबकि 2500 जलघर एक से अधिक गांवों के लिए हैं। उन्होंने बताया कि ये सभी जलघर नहरों से जुड़े हैं और फिलहाल इनमें पर्याप्त पेयजल उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने नहरों की सफाई, मरम्मत व पुनर्निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की और यह सभी कार्य त्वरित गति से करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य सचिवों के साथ मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

हरियाणा की औद्योगिक लाइसेंसिंग पॉलिसी में बदलाव

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने इंडस्ट्रियल लाइसेंसिंग पॉलिसी में संशोधन किया है। यह फैसला राज्य में निवेश को आकर्षित करने और उद्योगों के लिए प्रक्रियाओं को आसान बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। सरकार ने वर्ष 2015 की इंडस्ट्रियल लाइसेंसिंग पॉलिसी में संशोधन करते हुए शहरीकरण और इंफ्रास्ट्रक्चर के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की है। नई व्यवस्था के तहत अब प्रकाशित डेवलपमेंट प्लान के अंतर्गत इंडस्ट्रियल जोन के साथ-साथ ट्रांसपोर्ट और कम्युनिकेशन जोन में भी औद्योगिक कॉलोनी स्थापित करने की अनुमति दी जाएगी। यह अनुमति कुल नियोजित क्षेत्र के 25 प्रतिशत तक ही सीमित रहेगी, ताकि प्लानिंग संतुलित बनी रहे। 24 मार्च को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में यह निर्णय लिया गया था। इसके बाद अब टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल ने निर्देश जारी किए हैं। इस नीति बदलाव से प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियां तेज होंगी, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। साथ ही, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी।सरकार के इस फैसले से शहरी क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करना पहले से अधिक आसान हो जाएगा। पहले जहां केवल सीमित क्षेत्रों में ही अनुमति मिलती थी, अब ट्रांसपोर्ट और कम्युनिकेशन जोन को भी शामिल करने से इंडस्ट्रियल विस्तार के नए रास्ते खुलेंगे। इससे लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी के लिहाज से भी उद्योगों को फायदा मिलेगा। पॉलिसी में एक बड़ा बदलाव एग्रीकल्चर जोन से जुड़ा है। अब यदि कोई इंडस्ट्रियल लाइसेंस शहरी सीमा से 500 मीटर से बाहर एग्रीकल्चर जोन में लिया जाता है, तो वहां आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर की लागत संबंधित डेवलपर को ही वहन करनी होगी। यानी सडक़, बिजली, पानी जैसी सुविधाओं का खर्च सीधे निवेशक से लिया जाएगा।

सोनीपत नगर निगम चुनाव में भाजपा परचम लहराएगी: डा.सतीश पूनिया

एजेंसी

सोनीपत। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि जन आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत से सोनीपत नगर निगम चुनाव में भाजपा जीत दर्ज करेगी। मुरथल रोड और सेक्टर 23 में हुई संगठनात्मक बैठकों में उन्होंने मेयर उम्मीदवार राजीव जैन और 22 वार्डो के पार्षद उम्मीदवारों के साथ बैठक कर वार्ड अनुसार जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठकों में प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता, विधायक निखिल मदान, विधायक कृष्णा गहलावत, विधायक पवन खरखौदा, पूर्व मंत्री कविता जैन, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। डा. पूनिया ने कहा कि जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों पर भरोसा है। लोगों ने भारत को विकसित बनाने के संकल्प को आगे बढ़ाने का मन बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं और जनता इनकार्यों से संतुष्ट है, इसलिए निकाय चुनाव में भाजपा की जीत तय मानी जा रही है। प्रदेश प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से छोटी बैठकों के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनने और समाधान का भरोसा देने को कहा। उन्होंने बूथ स्तर पर टीम को मजबूत कर प्रचार तेज करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी, दिन-रात मेहनत कर हर वार्ड में कमल खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष औपचारिक रूप से चुनाव लड़ रहा है और कार्यकर्ताओं को घर-घर सम्पर्क अभियान तेज करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा के पक्ष में माहौल

बन चुका है। जनता विकास और पारदर्शिता को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियां घर-घर पहुंचाने और हर मतदाता से सम्पर्क कर मतदान सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने विश्वास जताया कि सोनीपत सहित प्रदेश में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं और उनकी मेहनत से ही चुनावी जीत सुनिश्चित होती है।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने गुरप्रीत सिंह को गोली लगने से मौत मामले में एसपी को दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश

एजेंसी

अंबाला। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बीती रात टुंडला के निकट गोली लगने से युवक गुरप्रीत सिंह की मौत के मामले में आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश अम्बाला एसपी को दिए।

विज ने आज प्रातः अम्बाला छावनी सिविल अस्पताल में पहुंच मृतक के परिजनों को इस मामले में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। विज ने मौके पर ही एसपी को फोन मिलाते हुए मामले में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

वहीं, पत्रकारों से बातचीत के दोरान उन्होंने बताया कि रात्रि गौ तस्कर थे जो कि गौ लेकर जा रहे थे और जैसे ही पुलिस को पता लगा तो हमारी पुलिस की दो गाड़ियां पीछे लगी। आरोपियों ने गोलियां चलाई जो कि उनके हलके के गांव गरनाला निवासी युवक गुरप्रीत सिंह को लगी। पोस्टमार्टम में यह साफ होगा कि गोली किसकी लगी। उन्होंने इस मामले में अम्बाला एसपी को सख्त निर्देश दिए हैं कि जल्द आरोपियों को पकड़ा जाए।

सड़क निर्माण में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, एडीसी ने ली बैठक

एजेंसी

कैथल। जिला में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। एडीसी सुशील कुमार ने स्पष्ट कहा कि सड़क सुरक्षा सीधे तौर पर आमजन के जीवन से जुड़ा विषय है, इसलिए सभी संबंधित विभाग जिम्मेदारी के साथ काम करते हुए सड़कों को सुगम और सुरक्षित बनाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि रोड सेफ्टी मानकों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय रोड सेफ्टी कमेटी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सड़क निर्माण, मरम्मत, जल निकासी और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। एडीसी ने पूंडरी-करनाल रोड, ढांड रोड, कौल, चंदाना और राजौंद क्षेत्र में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां-जहां निर्माण कार्य लंबित हैं, वहां तेजी लाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बरसात से पहले सभी मुख्य सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए। बैठक में सामने आया कि कई स्थानों पर सीवरेज जाम और नगर परिषद को शहर में अतिक्रमण हटाने और नालों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि पानी सड़कों पर जमा न

जलभराव की समस्या बनी हुई है। इस पर एडीसी ने पब्लिक हेल्थ विभाग को तुरंत कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि सीवर की सफाई और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि सड़कों को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने सभी चौकों पर रिफ्लेक्टर लगाने, सड़कों के किनारे बर्म की सफाई करने और अवैध कटों को नियमित रूप से बंद करने के निर्देश भी दिए। हो। एडीसी ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि किए गए कार्यों का मौके पर भौतिक सत्यापन किया जाए और फोटो सहित एटीआर समय पर प्रस्तुत की जाए। इस अवसर पर गुहला एसडीएम कैप्टन प्रमेश कुमार, डीडीपीओ रितु लाठर, डीईओ सुभाष, गैर सरकारी सदस्य सतीश सेठ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

साइबर पुलिस ने होल्ड करवाए 98 लाख रुपये पीडितों को लौटाए

एजेंसी

जींद। जिला जींद में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। वर्ष 2026 में साइबर मामालों की कुल 1454 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। साइबर हेल्पलाइन 1930 के माध्यम से त्वरित कार्रवाई करते हुए एक करोड़ 37 लाख, 81 हजार 179 रुपये की राशि को होल्ड करवाया गया है। जो पीड़ितों को राहत प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है। इसी दौरान 22 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। जिनमें से 12 मामलों को ट्रेस किया गया। गौरतलब है कि साइबर अपराधियों द्वारा प्रतिदिन साइबर ठगी के नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। जिसके कारण आमजन को आर्थिक परेशानी का सामाना करना पडता है। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई के साथ-साथ लोगों की जागरूकता भी अहम भूमिका निभा रही है। साइबर क्राइम थाना जींद पुलिस के प्रभारी उपनिरीक्षक जगदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि होल्ड की गई एक करोड़ 37 लाख, 81 हजार 179 रुपये की राशि में से लगभग 98 लाख 40 हजार 416 रुपये पीड़ितों को सुपरदारी के माध्यम से वापस लौटाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने आमजन से अपील की कि वे साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे नए-नए तरीकों से सतर्क रहें। विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट जैसे फर्जी तरीकों से लोगों को डरा कर पैसे ऐंठने की घटनाएं सामने आ रही हैं। आमजन को समझना चाहिए कि कोई भी सरकारी एजेंसी फोन या वीडियो कॉल के माध्यम से इस प्रकार की कार्रवाई नहीं करती है। डिजिटल अरैस्ट जैसी उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न बैंकों द्वारा शीघ्र ही ड्यूल ओटीपी सिस्टमश् लागू किया जा रहा है। इस प्रणाली के तहत प्रारंभिक चरण में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के खाता धारकों को इसमें शामिल किया जाएगा। इस व्यवस्था के अंतर्गत किसी भी वित्तीय लेन-देन के लिए आने वाला ओटीपी मूल खाताधारक के साथ-साथ उनके परिजन जैसे बेटे, बेटी या अन्य विश्वसनीय सदस्य के पास भी भेजा जाएगा। दोनों की पुष्टि के पश्चात ही ट्रांजेक्शन को स्वीकृति दी जाएगी।

भारतीय कंपनियों के बड़े अधिग्रहण- शेयरधारकों को नहीं मिला अपेक्षित लाभ बाजार से पिछड़ी चाल

10 में से 8 बड़े सौदों में अरबों डॉलर खर्च करने वाली कंपनियों के शेयर व्यापक बाजार से पिछड़ गए

नई दिल्ली ।

पिछले दो दशकों में भारतीय कंपनियों द्वारा किए गए बड़े अधिग्रहणों ने शेयरधारकों को कोई खास लाभ नहीं पहुंचाया है। एक विश्लेषण से पता चला है कि अरबों डॉलर खर्च करके महत्वपूर्ण संपत्तियों को खरीदने वाली अधिकांश कंपनियों (10 में से 8) के शेयरों की चाल अधिग्रहण के बाद व्यापक बाजार से काफी सुस्त रही है, जिससे उनके निवेश पर प्रश्नचिह्न लग गया है। बताया जा रहा है` कि एक नमूने में शामिल 10 सबसे बड़े अधिग्रहणकर्ता फर्मों में से केवल दो - हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल - ही बाजार से बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहीं। हालांकि, इनके मामले में भी विश्लेषकों का मानना है कि शेयरों में हालिया उछाल घरेलू कारकों या वैश्विक कमोडिटी कीमतों के कारण है, न कि विदेशी अधिग्रहण से हुए सीधे लाभ के कारण। उदाहरण के लिए, हिंडाल्को ने 2007 में नोवेलिस का 5.7 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया, लेकिन कंपनी के शेयर भाव ने दो साल पहले ही निफ्टी 50 से आगे निकलना शुरू किया, जिसका श्रेय औद्योगिक धातुओं की वैश्विक कीमतों में उछाल को दिया जाता है। इसी तरह, भारती एयरटेल के मजबूत प्रदर्शन का श्रेय घरेलू दूरसंचार बाजार में बढ़ते वर्चस्व को दिया जा रहा है, न कि 2010 में जेन टेलीकॉम के अफ्रीकी कारोबार के 10.7 अरब डॉलर के अधिग्रहण को। अन्य प्रमुख कंपनियों की बात करें तो टाटा स्टील ने 2006 में कोरस समूह को 12.78 अरब डॉलर में खरीदा था, जो किसी भारतीय कंपनी द्वारा विदेश में किया गया सबसे बड़ा अधिग्रहण था। लेकिन 20 साल बाद भी कंपनी का शेयर कमजोर रहा; अधिग्रहण के बाद से यह केवल 397 फीसदी बढ़ा जबकि निफ्टी 50 में 551 फीसदी की वृद्धि हुई। इसी तरह, टाटा मोटर्स ने 2008 में फोर्ड से जगुआर लैंड रोवर का अधिग्रहण किया, लेकिन व्यापक बाजार को पीछे छोड़ने के लिए संघर्ष करती रही। ओएनजीसी का 2008 में इंपीरियल एनर्जी का 2.6 अरब डॉलर का अधिग्रहण भी असफल साबित हुआ, जहां उसका शेयर मूल्य केवल 78 फीसदी बढ़ा जबकि निफ्टी 50 में इसी अवधि में 458 फीसदी की तेजी आई। यह प्रवृत्ति हाल के वर्षों में भी जारी है। यूपीएल ने 2018 में एरिस्टा लाइफसाइंसेज का 4.2 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया, जिसके बाद से उसके शेयर का प्रदर्शन कमजोर बना हुआ है। बायोकॉन द्वारा 2022 में वियाट्रिस के बायोसिमिलर व्यवसाय और रिलायंस इंडस्ट्रीज द्वारा 2023 में वॉल्ट डिज्नी के इंडिया कारोबार के अधिग्रहण के बाद भी यही कहानी दोहराई गई है। अदाणी ग्रीन एनर्जी और कोफोर्ज जैसी कंपनियों के शेयर मूल्य भी अपने बड़े अधिग्रहणों के बाद बेंचमार्क सूचकांकों से पीछे रहे हैं। यह विश्लेषण भारतीय कंपनियों के लिए बड़े अधिग्रहणों से शेयरधारक मूल्य बनाने की चुनौतियों को उजागर करता है।

सरकारी बैंक पूंजी जुटाने को तैयार, ईसीएल मानदंड से पहले मजबूत करेंगे बैलेंस शीट

बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक जुटाएंगे हजारों करोड़ रुपए

नई दिल्ली ।

सार्वजनिक क्षेत्र के कई बैंक, जिनमें बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक शामिल हैं, इक्विटी और बॉन्ड के माध्यम से पूंजी जुटाने की संभावनाएं तलाश रहे हैं। यह कदम उन्हें अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) ढांचे के अप्रैल 2027 से लागू होने से पहले अपनी कॉमन इक्विटी टियर-1 (सीईटी1) पूंजी को मजबूती देने में मदद करेगा। पूंजी जुटाने की यह पहल इन बैंकों को सरकारी हिस्सेदारी कम करने में भी सहायक होगी, क्योंकि कुछ बैंकों में सरकार की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत से भी अधिक है। बैंक ऑफ इंडिया को वित्त वर्ष 2027 के दौरान 7,500 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बोर्ड से मंजूरी मिल गई है। इसमें से 2,500 करोड़ रुपये अतिरिक्त टियर-1 (एटी-1) बॉन्ड और 5,000 करोड़ रुपये टियर-2 बॉन्ड के माध्यम से जुटाए जाएंगे। दिसंबर 2025 तक बैंक ऑफ इंडिया का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 17.09 फीसदी था, जबकि उसका सीईटी1 अनुपात 13.76 फीसदी था। एटी-1 बॉन्ड विशेष रूप से बैंक की सीईटी1 पूंजी को बढ़ावा देगा।

अप्रैल में शेयर बाजार नकदी सेगमेंट में उछाल डेरिवेटिव्स में गिरावट

नई दिल्ली ।

अप्रैल महीने में भारतीय शेयर बाजार की ट्रेडिंग गतिविधियों में एक बड़ा विरोधाभास देखने को मिला। इक्विटी बाजार में आई जोरदार तेजी के दम पर नकदी (कैश) सेगमेंट के टर्नओवर में प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई, वहीं डेरिवेटिव्स (वायदा एवं विकल्प) कारोबार, बढ़ी हुई सिक्योरिटीज़ ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) के कारण फिसल गया। नकदी बाजार में दो साल का उच्चतम टर्नओवर अप्रैल में नकदी बाजार का टर्नओवर 7 फीसदी बढ़ा, जिसे इक्विटी में आई जबरदस्त तेजी का सहारा मिला। इक्विटी में जोरदार रिकवरी के कारण नकदी सेगमेंट का दैनिक औसत टर्नओवर करीब 1.44 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो लगभग दो साल का उच्चतम स्तर है। बेंचमार्क सूचकांकों ने एक साल से भी ज्यादा समय में अपनी सबसे मजबूत मासिक रिकवरी दर्ज की, जिसमें सेंसेक्स 6.9 फीसदी और निफ्टी 7.5 फीसदी बढ़ा। व्यापक बाजारों में यह तेजी और भी स्पष्ट थी, निफ्टी मिडकैप 100 में 13.6 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 18.4 फीसदी की जोरदार बढ़त हुई। बढ़ी हुई एसटीटी से डेरिवेटिव्स को झटका दूसरी ओर डेरिवेटिव्स के टर्नओवर में 6

फीसदी की गिरावट आई। इसका मुख्य कारण 1 अप्रैल से लागू हुई सिक्योरिटीज़ ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) में बढ़ोतरी थी। वायदा कारोबार पर एसटीटी 0.02 फीसदी से बढ़कर 0.05 फीसदी कर दिया गया, जबकि ऑप्शंस के लिए यह 0.1 फीसदी से बढ़कर 0.15 फीसदी हो गया।

इंडियन ओवरसीज बैंक का मुनाफा 43 फीसदी उछला

नई दिल्ली ।

इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने जनवरी-मार्च तिमाही में मजबूत वित्तीय नतीजे पेश किए हैं। बैंक ने 1,505 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 43.2 प्रतिशत अधिक है। बैंक अे धिकारी ने बताया कि कर्मचारियों को ऋण निर्णय लेने के लिए सशक्त करने की रणनीति इस प्रदर्शन की कुंजी रही है। बैंक ने हालिया वित्त वर्ष में 24 प्रतिशत की ऋण वृद्धि दर्ज की, जो उद्योग औसत (16 प्रतिशत) से कहीं बेहतर है। खुदरा, कृषि व एमएसएमई खंड पर विशेष जोर, जिसमें 78 फीसदी ऋण पोर्टफोलियो है, ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बैंक ने आगामी वित्त वर्ष के लिए 12-13 फीसदी ऋण वृद्धि और 13-14 फीसदी जमा वृद्धि का लक्ष्य रखा है। बैंक 3.20-3.25 फीसदी के आसपास अपने शुद्ध ब्याज मार्जिन को बनाए रखने की उम्मीद करता है।

एसबीआई एफडी पर पाएं शानदार रिटर्न और सुरक्षा!

2 लाख निवेश करें और पाएं 1.05 लाख तक का फिक्स रिटर्न

नई दिल्ली ।

देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर आकर्षक ब्याज दरों की घोषणा की है, जिससे निवेशकों को सुरक्षित और गारंटीड रिटर्न का मौका मिल रहा है। ये स्कीमें 7 दिनों से लेकर अधिकतम 10 साल तक की अवधि के लिए उपलब्ध हैं। एसबीआई की एफडी योजनाओं में ब्याज दरें अवधि के अनुसार भिन्न हैं। न्यूनतम 7 दिन की एफडी पर 3.05 से 3.65 फीसदी तक ब्याज मिलता है, जबकि 46 दिनों से 179 दिनों तक की अवधि पर यह दर 4.90 से 5.50 फीसदी के बीच रहती है। 180 दिनों से 210 दिनों की एफडी पर बैंक 5.65 से 6.25 फीसदी तक ब्याज दे रहा है। वहीं, लंबी अवधि की एफडी, खासकर 5 से 10 साल की योजनाओं में, ब्याज दरें अधिकतम 7.15 फीसदी तक पहुंच सकती हैं, जो इसे एक बेहतरीन निवेश विकल्प बनाती हैं। निवेशकों के रिटर्न की बात करें तो 6 साल की एफडी स्कीम में 2 लाख के निवेश पर सामान्य नागरिकों को परिपक्वता पर करीब 2,86,747 रुपए मिलते हैं, जिसमें 86,747 रुपए का ब्याज शामिल है। वरिष्ठ नागरिकों को इसी निवेश पर लगभग 3,04,184 रुपए मिलते हैं, जिनमें करीब 1,04,184 रुपए ब्याज होता है। सुपर वरिष्ठ नागरिकों को तो लगभग 3,05,983 रुपए तक मिल सकते हैं, जिसमें 1,05,983 रुपए का आकर्षक ब्याज शामिल है। यह स्कीम सभी उम्र वर्ग के निवेशकों के लिए एक विश्वसनीय और फायदेमंद विकल्प है।

वैश्विक उथल-पुथल और घरेलू खरीदारी के बीच झूलता रहा भारतीय शेयर बाजार

साप्ता हिक आधार पर सेंसेक्स में लगभग 0.50 फीसदी और निफ्टी में 0.39 फीसदी की गिरावट रही

मुंबई ।

इतना ही नहीं, ट्रंप ने इल्हान उमर पर वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप भी लगाए। उन्होंने एक कथित घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले महीने उमर ने अपनी संपत्ति 38 मिलियन डॉलर घोषित की थी, लेकिन जांच शुरू होते ही उन्होंने इसे महज एक अकाउंटिंग की गलती बताकर 80,000 डॉलर से भी कम कर दिया। अपने भाषण के अंत में ट्रंप ने बेहद सख्त लहजे में कहा कि ऐसे लोगों का जीवन घोटालों पर आधारित होता है और उन्हें देश से बाहर निकाल देना चाहिए। उनके इस भाषण के बाद राजनीतिक गलियारों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।

अमेरिका ने ईरान की नाकेबंदी तोड़ने के लिए बनाया अंतरराष्ट्रीय गठबंधन का प्लान

-होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव के बीच...

वॉशिंगटन (एजेंसी)। ईरान और अमेरिका के बीच जारी सैन्य टकराव अब एक नए और जटिल रणनीतिक मोड़ पर पहुंच गया है। पिछले दो महीनों से जारी इस संघर्ष की गति भले ही कुछ धीमी पड़ती दिख रही हो, लेकिन तनाव का स्तर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। वर्तमान में इस टकराव का केंद्र दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बन गया है। ईरान द्वारा इस मार्ग पर की गई नाकेबंदी ने अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की चिंताएं बढ़ा दी हैं, क्योंकि वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। इस नाकेबंदी के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ते नकारात्मक प्रभाव को देखते हुए अब अमेरिका ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है।

अमेरिकी प्रशासन अब सीधे सैन्य टकराव के बजाय कूटनीतिक और सामूहिक सुरक्षा की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। इस नई रणनीति के तहत 'मैरीटाइम फ्रीडम कंस्ट्रक्ट' यानी समुद्री स्वतंत्रता संरचना नाम का एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने की तैयारी की जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य से वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही को फिर से सामान्य करना और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस योजना को प्रभावी बनाने के लिए अमेरिकी विदेश विभाग और अमेरिकी सेंट्रल कमान (सेंटकॉम) मिलकर काम करेंगे। जहाँ विदेश विभाग विभिन्न देशों और शिपिंग कंपनियों के साथ कूटनीतिक समन्वय करेगा, वहीं सेंटकॉम समुद्री गतिविधियों की निगरानी और जहाजों को सुरक्षा प्रदान करने का जिम्मा संभालेगा। दरअसल, फरवरी के अंत में हुए हमलों के बाद ईरान ने इस मार्ग पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली थी, जिससे शिपिंग ट्रैफिक लगभग ठप हो गया है। दूसरी ओर, ईरान ने भी अमेरिका की इस घेराबंदी का जवाब देने के लिए फोन डिप्लोमेसी का सहारा लिया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने तुर्की, कतर, सऊदी अरब, मिस्र और इराक जैसे क्षेत्रीय देशों के विदेश मंत्रियों से संपर्क कर अपनी स्थिति स्पष्ट की है। ईरान ने इन देशों को संदेश दिया है कि क्षेत्र में अस्थिरता का मुख्य कारण अमेरिका और इजरायल की नीतियां हैं। ईरान का कहना है कि वह शांति का पक्षधर है और उसने इस युद्ध की शुरुआत नहीं की थी, लेकिन अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए उसकी सेना पूरी तरह तैयार है। ईरान ने यह संकेत भी दिया है कि यदि अमेरिका अपना रुख बदलता है, तो बातचीत के रास्ते खुले हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह स्पष्ट है कि होर्मुज का यह संघर्ष अब केवल सैन्य नहीं, बल्कि एक बड़े वैश्विक राजनीतिक और कूटनीतिक युद्ध में तब्दील हो चुका है, जिसके परिणाम पूरी दुनिया के लिए दूरगामी होंगे।



खूब पिएं गन्ने का जूस, होते हैं इतने सारे फायदे

गर्मी के मौसम में शरीर को ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है। पानी की कमी से शरीर को कई नुकसान होते हैं। गन्ने का जूस शरीर में पानी की कमी दूर करने का एक अच्छा विकल्प है। दुनिया में सबसे ज्यादा गन्ना भारत में पैदा होता है। गन्ने का जूस सस्ता होता है, आसानी से मिल जाता है। शरीर के लिए लाभदायक तत्वों से भरपूर गन्ने के जूस के सेवन से शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत होता है।

- अगर किसी को सर्दी-जुकाम की समस्या है तो उसे गन्ने का जूस पीने की सलाह दी जाती है। ऐसे कई रोग हैं जिनका इलाज गन्ने का जूस है। आइए जानते हैं गन्ने के जूस के सेवन शरीर को होने वाले फायदे।
- गन्ने का जूस आपकी किडनी को स्वस्थ बनाए रखने में काफी मदद करता है। इसका जूस डाईयूरेटिक होता है। इसे पीने से पथरी तक की समस्या का समाधान संभव है।
- आयुर्वेद के अनुसार गन्ने का जूस आपके लिवर के लिए बहुत लाभप्रद होता है। पीलिया रोग के मरीजों को भी गन्ने के जूस के सेवन से आराम मिलता है। गन्ने का जूस आपके शरीर से अवांछित पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है।
- गन्ने के जूस में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, आयरन और पोटैशियम जैसे शरीर के लिए लाभदायक तत्व पाए जाते हैं। इसके लगातार सेवन से व्यक्ति का शरीर मजबूत होता है और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।
- आयुर्वेद के अनुसार गन्ने के सेवन से पेट संबंधी रोग दूर हो जाते हैं। एंटीऑक्सिडेंट गुणों से भरपूर गन्ने के सेवन से बदहजमी की समस्या से निजात मिलती है।

सौंफ के फायदे

भारत के घरों में साधारणतः सौंफ का इस्तेमाल खाना खाने के अंत में किया जाता है, क्योंकि इसको खाने से मुंह की बदबू दूर होती है। सौंफ में तांबा आयरन, कैल्सियम, पोटैशियम, मैंगनीस, सिलीनीअम, जिंक और मैग्नेशियम जैसे मिनरल्स पाए जाते हैं। चलिए पता लगाते हैं कि सौंफ खाने के और कितने फायदे होते हैं-

सांस की बदबू को दूर करता है: सौंफ माउथ फ्रेशनर का काम करती है। इसमें कई तरह के सुगंधित तेल होते हैं जो मुंह से बदबू को दूर करता है। इसको चबाने से आपके मुंह में लार का उत्पादन बढ़ता है जो मुंह में छिपे हुए खाद्य पदार्थों को निकालकर हजम करने की क्रिया को शुरू करवाती है। एंटी-बैक्टिरीअल और एंटी इन्फ्लैमटोरी गुणों के अलावा ये सांसों के बदबू और मसूड़ों को संक्रमित करने वाले जीवों को नष्ट करती है।

टिप: खाना खाने के बाद सांस की बदबू को दूर करने के लिए सौंफ खाएं। अगर आपके मसूड़ों में संक्रमण हैं तो सौंफ के कुछ दानों को पानी में डालकर उबाल लें और उस काढ़े से गार्गल करें। इस काढ़े से नियमित रूप से गरारा करने पर सांस की बदबू दूर होती है।

बदहजमी, कब्ज और ब्लोटिंग से राहत दिलाती है। सौंफ बदहजमी को दूर करती है। जैसे ही आप सौंफ को चबाना शुरू करते हैं, इसमें जो जरूरी तत्व होते हैं, वे पाचन क्रिया का काम करना शुरू कर देते हैं। इसके साथ ही इसमें जो फाइबर होता है, वह मल को नरम करके कब्ज की समस्या को दूर करती है।

मासिक धर्म के दर्द से राहत दिलाता है : सौंफ श्रोणि और गर्भाशय की जगह में रक्त को नियमित व संतुलित रूप से प्रवाह करवाकर मासिक धर्म के दौरान दर्द से राहत दिलाती है। जर्नल ऑफ रिसर्च इन आयुर्वेद के अनुसार जो महिलाएं मासिक धर्म के दौरान सौंफ का सेवन करती हैं, उनको दर्द का कष्ट कम सहना पड़ता है।

टिप: एक पैन में जरूरत के अनुसार पानी लें और उसमें एक बड़ा चम्मच सौंफ डालकर उसको तब तक उबालें जब तक कि पानी का रंग न बदल जाए। उसके बाद काढ़े को छान लें। मासिक धर्म के दौरान गुनगुना गर्म काढ़े का सेवन करने से दर्द से राहत मिलती है।

कैंसर की संभावना को कम करता है: सौंफ मैंगनीस के अच्छे स्रोतों में एक है। शरीर जब इस मिनरल का इस्तेमाल करता है, तब एक शक्तिशाली एंटी-ऑक्सिडेंट एंजाइम सूपरऑक्साइड डिस्म्यूटेस का उत्पादन होता है, जो कैंसर की संभावना को कम करता है। सौंफ चबाने से त्वचा, पेट और स्तन कैंसर की संभावना कुछ हद तक कम होती है।

अनिमिआ से रक्षा करती है: सौंफ में आयरन, तांबा और हिस्टिडाइन तीनों भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जिससे शरीर में लाल रक्त कण का उत्पादन अच्छी तरह से हो पाता है। सौंफ का सेवन करने से शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ने लगती है, जिसके फलस्वरूप हिमोग्लोबिन की मात्रा भी बढ़ जाती है। रोजाना सौंफ खाना गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष रूप से लाभदायक होता है, क्योंकि ये अनिमिआ के बुरे प्रभाव से बचाती है।

वाटर रिटेनशन को कम करता है: सौंफ में मूत्रवर्द्धक गुण होने के कारण यह इडीमा होने से शरीर की रक्षा करती है। इसी गुण के कारण इसके नियमित सेवन से वजन भी घटता है। इडीमा होने के बहुत से कारण होते हैं, इसलिए सौंफ का इस्तेमाल करने के पहले सही वजह का पता पहले लगा लेना अच्छा होता है।

क्या यह वजन घटाएगा: सौंफ में मूत्रवर्द्धक गुण होता है। इसी कारण जब आप इसको अपने डाइट में शामिल करेंगे, तब यह आपके हजम शक्ति को सुधारने के साथ-साथ शरीर के चयापचय के रेट को बढ़ाकर वजन को घटाती है। जर्नल ऑफ डाइबीटिज एंड मेटाबॉलिक सिंड्रोम के अध्ययन के अनुसार सौंफ और काले मिर्च के मिश्रण का सेवन करने से इंसुलिन की संवेदनशीलता बढ़ती है और वजन घटता है। साथ ही ये कोलेस्ट्रोल के स्तर को कम करती है और मेटाबॉलिक सिंड्रोम और डाइबीटिज से बचाती है।

टिप: जरूरत के अनुसार सौंफ को भूनकर पीस लें। इसके पावडर को गर्म पानी में मिलाकर काढ़ा बना लें। अब इस काढ़े को दिन में दो बार खाली पेट खाने से बहुत ही अच्छा फल मिलता है।

ब्लड-प्रेशर को नियंत्रित करती है: जर्नल ऑफ फूड साइंस के अध्ययन के अनुसार सौंफ में नाइट्राइट और नाइट्रेट प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। ये दोनों यौगिक नए रक्त कोशिकाओं के बनने और संख्या को बढ़ाने में सहायता करती है। अध्ययन से यह पता चला है कि ये लार में नाइट्राइट की मात्रा को बढ़ाकर नैचरल तरीके से ब्लड-प्रेशर को नियंत्रित करती है। इसके अलावा सौंफ में जो पोटाशियम की उच्च मात्रा होती है, ये कोशिका और बॉडी फ्लूइड की जरूरी तत्व में से एक है। ये तत्व हृदय की गति और ब्लड-प्रेशर को नियंत्रित करने में भी सहायता करती है।

रेसिपी



पंजाबी चना मसाला

सामग्री

■ काबुली चना: 1/2 कप ■ चाय की पत्तियां : 1 टीस्पून ■ टमाटर: 2 ■ प्याज बारीक कटा: 1 ■ अदरक-लहसुन का पेस्ट: 1½ टीस्पून ■ हरी मिर्च : 1 ■ लाल मिर्च पाउडर: 1/2 टीस्पून ■ हल्दी पाउडर: 1/4 टीस्पून ■ तेल: 3 टेबलस्पून ■ नमक स्वाद के अनुसार ■ कटा हुआ हरा धनिया: 2 टेबलस्पून ■ तेज पत्ता का एक छोटा सा टुकड़ा ■ काली इलायची: 1 बड़ी ■ सूखे धनिए के बीज: 1 टीस्पून ■ जीरा: 1 टीस्पून ■ काली मिर्च:4-5 ■ सूखी लाल मिर्च: 1 ■ लौंग: 2

विधि

सफेद चने को रातभर या लगभग 8-10 घंटे के लिए पानी में भिगो दें। 1 टीस्पून चाय को एक सादे कपड़े में बांध दे और कुकर में चने के साथ रख दें। चाय के साथ ही इसमें नमक और पानी भी डालें। 4-5 सीटी आने तक पकाएं। उबले हुए चने में से एक्स्ट्रा पानी को एक कटोरे में छान लें, जिसका इस्तेमाल आगे करेंगे। तेज पत्ता, बड़ी इलायची, सूखे धनिए के बीज, जीरा, काली मिर्च, सूखी लाल मिर्च और लौंग कम आंच पर 1 मिनट के लिए भून लें। सूखा पंजाबी मसाला पाउडर बनाने के लिए भूने हुए मसालों को मिक्सी में बारीक पीस लें। टमाटर को मिक्सी में पीसकर प्यूरी बना लें। एक कड़ाही में मध्यम आंच पर तेल गरम करें। प्याज डालकर उसे सुनहरा होने तक भून लें। अब उसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट और कटी हुई हरी मिर्च डालकर 30 सेकंड के लिए भूनेंगे। टमाटर की प्यूरी और नमक डालें। तेल अलग होने लगे तब प्यूरी डालकर 4-5 मिनट पकाएं हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और सूखा मसाला पाउडर (स्टेप-4 में तैयार किया हुआ) डाले। उबले हुए चने, तैयार चना पेस्ट और 1 कप पानी (उबले हुए चने में से छाना हुआ) डाले और अच्छी तरह से मिलाएं। ग्रेवी को गाढ़ा होने तक पकने दें, उसमें लगभग 4-5 मिनट लगेंगे। तैयार है आपका पंजाबी चना मसाला।



पिस्ता आईसक्रीम

सामग्री

- पिस्ता: आधा कप (पिसा हुआ)
- दूध:1 कप
- क्रीम: 2 कप (फेंटी हुई)
- चीनी: 3/4 कप
- वनीला एसेंस: डेढ़ टीस्पून
- पिस्ता: 2 टीस्पून बारीक कटा
- चॉको चिप्स: 2 टीस्पून

विधि

मिक्सिंग बाउल में दूध, वनीला एसेंस और चीनी डालकर ब्लेंडर से दो मिनट तक फेंट लें। फिर इसमें क्रीम डालें और दोबारा स्मूद होने तक फेंट लें। फिर इसमें पिसा हुआ पिस्ता डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसके बाद मिक्सचर को प्लास्टिक कंटेनर में डालकर प्लास्टिक शीट से उसे ढक दें और फिर कंटेनर को ढक्कन से बंद करके फ्रीजर में एक से डेढ़ घंटे तक रख दें। इसके बाद इसे फ्रीजर से निकालें और 10 मिनट बाद फिर से फेंट लें और दोबारा इसे फ्रीजर में 4-5 घंटे तक जमने के लिए रख दें। कटे हुए पिस्ते से गार्निशिंग करके सर्व करें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर करेंगे। शुभांक-2-5-7

मिथुन (का की कू घ ड छ के को हा): सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-6

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-1-4-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-2-6-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-3-5-8

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिलेगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-3-5-8

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-1-3-5

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-1-6-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

हंसी के फूव्वारें

एक कवि की कविताएं कोई नहीं सुनता था आखिरकार एक दिन जब एक व्यक्ति ने उनकी कविता सुनी तो कवि ने उसका आभार मानते हुए कहा कि'आप पहले ऐसे महानुभाव है जिन्होंने कि मेरी कविताएं इतने ध्यान से सुनी हैं.'

दूसरा व्यक्ति- 'जरा जोर से बोलिए मैं थोड़ा ऊंचा सुनता हूँ.'

□ □ □

एक कैदी से मिलने जेल में कोई नहीं आता था,यह देख कर जेलर को उस पर दया आ गई उसने कैदी को बुलाकर पूछा कि 'क्या बात है तुमसे मिलने तुम्हारा कोई रिश्तेदार जेल में क्यों नहीं आता है ?'

कैदी- 'क्योंकि साहब वे सब भी तो यहीं ही है !'

□ □ □

दो मित्र आपस में बातें कर रहे थे. एक बोला- 'क्या यह ताज्जुब की बात नहीं कि रमेश के भाग्य ने उसका आखिर तक साथ दिया.'

'वह कैसे ?'

'खाना खाते हुए वह एक मोती निगल गया था.' मित्र ने पूरी बात बताते हुए कहा -'जब उसका ऑपरेशन करके वह मोती निकाला गया तो वह इतना कीमती निकला कि उसकी कीमत से न केवल आपरेशन का बिल ही चुक गया, बल्कि उसका क्रिया-कर्म भी ठाठ से सम्पन्न हुआ.'

□ □ □

काकुरो पहेली - 4042



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो -4041 का हल



फिल्म वर्ग पहेली - 4042



बायें से दायें:-

१. जैकी श्रॉफ, माधुरी की 'सात सुरों के तार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चांदी की साइकल' गीत वाली गोविंदा, जूही चावला की फिल्म-२
५. अक्षय, करिश्मा की 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली फिल्म-३
७. नसीरूद्दीनशाह, जैकी, नगमा, शिल्पा की एक फिल्म-२
८. फिल्म 'जाल' की नायिका कौन थी-२
९. 'आयेगा आनेवाला' गीत वाली अशोककुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१०. फिल्म 'हीरा पन्ना' में देव आनंद के किरदार का नाम क्या था-२
११. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुलराय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१३. जैकी श्राफ, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
१५. दक्षिण की फिल्म 'थेवर मगन' किस भाषा में बनी थी ?-३
१७. 'वीरू' 'जय' और 'बसंती' आदि किस सुपर हिट फिल्म के पात्र हैं-२
१८. 'दिल है प्यारे जरा' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'अनकही' के गीत 'आँखों में अनजाने' का गायक कौन है-२
२०. 'आते आते तेरी याद' गीत वाली संजयदत्त, अनिता की फिल्म-२,१,२
२२. अमिताभ, जीनत की 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली फिल्म-२
२३. फिल्म 'सलाखें' में नायक कौन था-२
२५. 'क्यूं ऑचल हमारा गिरा' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-२
२६. गीत 'दिल के अरमां आँसुओं में' की गायिका कौन है-३
२८. 'काट दिये नाम सब' गीत वाली फिल्म-३
२९. फिल्म 'रॉकी' की नायिका कौन थी-२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़ें' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'सजना के सामने मैं तो गीत वाली फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. अजय देवगन, आयशा जुल्का, करिश्मा कपूर की 'बेशक तुम मेरी मुहब्बत हो' गीत वाली फिल्म-३
२. 'मेरी छतरी के नीचे आजा' गीत वाली धर्मेन्द्र, आदित्य, नसीरूद्दीन शाह, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
४. अशोक, प्रदीप, मीना कुमारी की 'दिल जो कह न सका' गीत वाली फिल्म-२,२
६. 'एक तो ये बैरी सावन' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
११. विश्वजीत, माला की 'रोकना है अगर रोक लीजे मगर' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'मुर्गी ने झूठ बोला' गीत वाली किशोरकुमार, साधना की फिल्म-४
१४. कंवलजीत, वहीदा की 'तुम अपना रंजोगम' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'गुरू' में नायक कौन था-३
१७. मनोजकुमार, नंदा, जया की 'पानी रे पानी तेरा रंग कैसा' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'सावन बरसता है तुझसे मिलने को' गीत वाली मिथुन, मीनाक्षी की फिल्म-४
२०. जीतेंद्र, रीना राय की 'तेरे हाथों में पहनाके चूड़ियां' गीत वाली फिल्म-२,३
२१. आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी की फिल्म-३
२४. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'हो जाता है प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'पानी पानी रे खारे पानी रे' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली -4041

सूडोकु -4042

5	9			3			8	7
8	7		1		5			
		2			9			4
	6				2		3	5
3	8		4	1	7		2	9
2	4		6				1	
7			3			8		
			5		8		7	3
9	3			2			6	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -4041 का हल

7	4	8	3	9	2	1	5	6
2	6	9	5	7	1	8	4	3
3	1	5	4	8	6	7	2	9
5	7	4	8	6	9	3	1	2
8	9	1	2	3	4	6	7	5
6	3	2	1	5	7	4	9	8
4	8	7	6	2	5	9	3	1
9	2	6	7	1	3	5	8	4
1	5	3	9	4	8	2	6	7

शब्द पहेली - 4042



बाएँ से दाएँ

1.छुट्टी,रजा-4
3.वध,आघात-4
5.दशानन-3
7.अनमोल,अनूठा-3
8.अनाथ,बेसहारा-3
10.खजूर-3
11.रहम करना-2,3
14.गहराई नापना-2,3
17.लगातार,सतत-5
20.संतुष्ट होना-2,3
23.बीच में,दौरान-3
24.खुश,आनंदित-3
25.शिक्षा-3
26.शोक-3
27.जांचना,परखना-4
28.धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

ऊपर से नीचे

2.मयखाना,मधुशाला-5
3.प्रेमकहानी-5
4.चापलूसी-4
6.नटना,वचन तोड़ना-4
7.फिजूल,व्यर्थ-3
9.अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12.गुजर करना-3
13.वेग,गति-3
15.खूबसूरत-3
16.पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17.गुजारिश,मांग-4
18.सुअर-3
19.गुस्सा होना-5
20.ममतापूर्ण-5
22.अयोग्य, असंगत-4

शब्द पहेली 4041 का हल

विकसित भारत का लक्ष्य महिलाओं के सशक्तिकरण से संभवः विजया रहाटकर

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य महिलाओं के सशक्तिकरण और नेतृत्व से गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं न केवल आर्थिक और सामाजिक विकास की महत्वपूर्ण वाहक हैं बल्कि वे देश के सांस्कृतिक मूल्यों की संरक्षक भी हैं। विजया रहाटकर दिल्ली प्रांत द्वारा विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के सप्त शक्ति नारी सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के सभागार में आयोजित इस सम्मेलन में उन्होंने कहा कि बढ़ते व्यक्तिवाद, परिवार संस्था के कमजोर होने और मूल्य क्षरण जैसी चुनौतियां भी सामने हैं। उन्होंने महिला आयोग के 'तेरे मेरे सपने' जैसे कार्यक्रमों का उल्लेख किया, जो विवाह पूर्व संवाद को बढ़ावा देने और पारिवारिक संबंधों को सुदृढ़ करने का प्रयास करता है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद इग्नू की कुलपति प्रो. उमा कांजिलाल ने उच्च शिक्षा में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों–शिक्षा शक्ति, आर्थिक शक्ति, डिजिटल शक्ति, स्वास्थ्य शक्ति, नेतृत्व शक्ति और सांस्कृतिक शक्ति–को समग्र विकास के स्तंभ के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने यह भी कहा कि जहां महिलाएं देश की लगभग 48 प्रतिशत जनसंख्या का हिस्सा हैं, वहीं केवल 34 प्रतिशत महिलाएं ही कार्यबल में शामिल हैं। इस अंतर को शिक्षा, नेतृत्व और उद्यमिता के माध्यम से दूर करना आवश्यक है।

ब्रिटिश संसद में गूंजा शांतिकुंज का संदेश, चिन्मय पण्ड्या ने मानवीय संवेदनाओं व नैतिकता से दूर किसी भी तकनीक प्रगति को बताया विनाशकारी

हरिद्वार। ब्रिटिश संसद के ऐतिहासिक परिसर में आयोजित 'पीस कॉन्क्लेव' में अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के वैज्ञानिक अध्यात्म के सिद्धांत गूंजे। इस सम्मेलन में शांतिकुंज ने मानवीय संवेदनाओं और नैतिकता से दूर किसी हरिद्वार स्थित शांतिकुंज की मीडिया विभाग ने बताया कि लंदन में स्थित ब्रिटिश संसद के ऐतिहासिक परिसर में आयोजित 'पीस कॉन्क्लेव' में अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रतिनिधि और देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने भाग लिया। उन्होंने सम्मेलन में नैतिक एआई और वैश्विक शांति का भविष्य विषय पर दुनिया के प्रतिष्ठित नीति-निर्धारकों, वैज्ञानिकों और विचारकों को संबोधित किया। डॉ. पण्ड्या ने युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के वैज्ञानिक अध्यात्म के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए कहा कि तकनीकी प्रगति तब तक विनाशकारी है, जब तक वह मानवीय संवेदनाओं और नैतिकता से न जुड़ी हो। डॉ. पण्ड्या ने आगाह किया कि भविष्य की सुरक्षा केवल गणितीय एल्गोरिदम से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए मनुष्य के भीतर 'नैतिक विवेक' का जाग्रत होना अनिवार्य है।

राजस्थान के युवा मेहनत, नवाचार और बहुभाषी कौशल से वैश्विक अवसरों के लिए तैयार : केंद्रीय शिक्षा मंत्री

जयपुर। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राजस्थान के युवाओं में मेहनत, नवाचार, उद्यमिता और विविध भाषाओं एवं संस्कृतियों को आत्मसात करने की अद्भुत क्षमता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का युवा अब केवल डिग्री और प्रमाणपत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि कौशल विकास, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और बहुआयामी अवसरों की ओर अग्रसर हो रहा है। जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित विदेशी भाषा संचार कौशल कार्यक्रम के एमओयू समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा को बहुभाषी, आधुनिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इस नीति के तहत युवाओं को मातृभाषा के साथ-साथ विदेशी भाषाओं का ज्ञान देकर उन्हें विश्वस्तरीय अवसरों के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और वैश्विक समझ को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। फ्रेंच, जर्मन, जापानी, कोरियन और स्पेनिश जैसी भाषाओं का अध्ययन युवाओं के लिए रोजगार, व्यापार, तकनीकी सहयोग और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के नए द्वार खोलेगा। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि यूरोपीय यूनियन के साथ हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट और एशियाई देशों के साथ बढ़ते आर्थिक संबंधों के चलते विदेशी भाषा दक्षता रखने वाले युवाओं की मांग तेजी से बढ़ेगी।

मई में सामान्य से 110 प्रतिशत अधिक बारिश, आईएमडी का पूर्वानुमान

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार मई का महीना देश के अधिकांश हिस्सों के लिए राहत और चुनौतियों का मेल भरा रहेगा। एक तरफ जहां पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश की अधिक संभावना है, वहीं कुछ राज्यों में लोगों को सामान्य से अधिक हीटवेव का सामना करना पड़ सकता है। मई के लिए अनुमान जारी करते हुए शनिवार को भारतीय मौसम विभाग ने सामान्य से 110 प्रतिशत अधिक बारिश का अनुमान जताया है। विभाग ने बताया कि पूरे देश में औसत बारिश सामान्य से अधिक होने के संभावना है। साल 1971 से 2020 के आंकड़ों के आधार पर मई में औसतन 61.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। विभाग के अनुसार देश में अधिकांश स्थानों पर सामान्य से अधिक बारिश रहेगी सिवाय पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत तथा पूर्वी मध्य भारत के कुछ हिस्सों में बारिश सामान्य से कम रहेगी। वहीं, गर्मी की बात करें तो देश के अधिकांश राज्यों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है। लेकिन मई के महीने में गंगा के मैदानी क्षेत्र, पूर्वी तटीय राज्यों, गुजरात, और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी वाले दिन रहने की संभावना है।

सिक्किम भारत की पहली कागज रहित न्यायपालिका घोषित

एजेंसी

गंगटोक। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सिक्किम को देश की पहली कागज रहित राज्य न्यायपालिका घोषित किया। राजधानी गंगटोक के चिंतन भवन में शुक्रवार से शुरू तकनीकी और न्यायिक शिक्षा पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य न्यायाधीश ने उक्त घोषणा की। साथ ही उन्होंने न्यायमूर्ति ए. मुहम्मद मुस्ताक को बधाई दी, जिसके तहत सिक्किम उच्च न्यायालय ने देश का पहला कागज रहित उच्च न्यायालय होने का गौरव हासिल किया। सिक्किम उच्च न्यायालय और भारत के उच्चतम न्यायालय की ई-समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह सम्मेलन दो दिनों तक राजधानी के चिंतन भवन और सम्मान भवन में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य न्याय प्रणाली को मजबूत करने और कानूनी शिक्षा के विकास में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर चर्चा करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित न्यायमूर्ति ने कहा कि दुरस्थ भूगोल के कारण अदालतों तक पहुंच मुश्किल होता है और बुनियादी ढांचे के विकास एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग के कारण न्याय तक पहुंच अब आसान होती जा रही है। उन्होंने कहा कि डिजिटल मार्ग के माध्यम से नागरिकों ने सीधे न्यायिक निकाय से जुड़ना शुरू कर दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि लक्ष्य एक ऐसी न्याय प्रणाली का निर्माण करना है जहां न्याय के लिए कठिन शारीरिक यात्रा की आवश्यकता न हो और जहां याचिकाएं व्यक्तियों की आवाजाही के बिना आगे बढ़ सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल सुधार केवल एक सैद्धांतिक मामला नहीं है, बल्कि कानून के शासन को बनाए रखने के लिए एक व्यावहारिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी के एकीकरण का उद्देश्य भौगोलिक बाधाओं को दूर करना है, चाहे वे कठिन भूभाग, आर्थिक सीमाओं या दूरी के कारण उत्पन्न हों। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास यह सुनिश्चित करते हैं कि न्याय की पहुंच शहरी केंद्रों तक ही सीमित न हो, बल्कि उत्तरी सिक्किम, पश्चिमी घाट और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह जैसे दूर-दराज के क्षेत्रों तक समान रूप से विस्तारित हो। उन्होंने इस अनूठी पहल के लिए न्यायमूर्ति ए. मुहम्मद मुस्ताक को बधाई दी, जिसके तहत सिक्किम उच्च न्यायालय ने देश का पहला कागज रहित उच्च न्यायालय होने का गौरव हासिल किया है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका धीरे-धीरे कागज आधारित प्रणालियों के युग से एक जीवंत डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र की ओर बढ़ रही है, जहां ई-कोर्ट परियोजना जैसी पहलों ने पक्षों और कानून के बीच संबंधों को फिर से परिभाषित किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरी तरह से डिजिटल प्रणाली की दिशा में यात्रा अभी भी जारी है। उन्होंने सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के साथ-साथ मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और सभी हितधारकों को कागज रहित उच्च न्यायालय की उपलब्धि और सिक्किम को न्यायिक नवाचार के राष्ट्रीय मानचित्र पर रखने के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार न्यायिक सुधारों और डिजिटल शासन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका नागरिकों के अधिकारों और गरिमा की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रौद्योगिकी के उपयोग से न्याय तक पहुंच में और सुविधा होगी।

केदारनाथ में वीआईपी दर्शन पर तीर्थ पुरोहितों में आक्रोश

एजेंसी

रुद्रप्रयाग। विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में वीआईपी दर्शन को लेकर विवाद एक बार फिर गहरा गया है। देश के उद्योगपति गौतम अडाणी अपने परिवार के साथ धाम पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों में नाराजगी खुलकर सामने आ गई। वीआईपी दर्शन व्यवस्था को लेकर पहले से ही असंतोष जता रहे तीर्थ पुरोहितों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की।तीर्थ पुरोहित अंकुर शुक्ला ने आरोप लगाया कि वीआईपी दर्शन की व्यवस्था के कारण आम श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष लोगों को प्राथमिकता दिए जाने से व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं और लंबी कतारों में लगे श्रद्धालुओं में असंतोष बढ़ रहा है। पुरोहितों का कहना है कि वर्तमान प्रबंधन में व्यवस्थाओं में गिरावट आई है। उन्होंने

चेतावनी दी कि यदि जल्द ही वीआईपी दर्शन व्यवस्था पर पुनर्विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस विवाद ने केदारनाथ यात्रा की व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं के बीच वीआईपी और सामान्य दर्शन के संतुलन को बनाए रखना प्रशासन और मंदिर समिति के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

तमिलनाडु में लू का प्रकोप बढ़ा, अगले तीन दिनों तक भारी बारिश की संभावना

एजेंसी

चेन्नई । अगले तीन दिनों में तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है, लेकिन इसके साथ ही राज्य भीषण गर्मी की मार भी झेल रहा है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार कई जिलों में तापमान लगातार बढ़ रहा है। मौसम विभाग के क्षेत्रीय केंद्र का कहना है कि आने वाले दिनों में तमिलनाडु के कई इलाकों में अच्छी बारिश हो सकती है, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। हालांकि, तापमान और नमी (ह्यूमिडिटी) दोनों ही ऊंचे बने रहेंगे, खासकर तटीय और अंदरूनी इलाकों में। इससे लोगों को उमस भरी और असहज गर्मी महसूस होगी।

तमिलनाडु और पुदुचेरी के कम से कम 12 स्थानों पर तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया, जो गर्मी की गंभीरता को दिखाता है। राज्य में सबसे ज्यादा तापमान वेल्लोर में 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा तिरुचिरापल्ली, चेन्नई (मीनाम्बक्कम) और मदुरै एयरपोर्ट जैसे बड़े शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

इसी तरह, मदुरै शहर, तिरुपत्तूर और धर्मपुरी में तापमान लगभग 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इरोड, करूर, परमथी और तिरुत्तनी में तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा, जबकि नागपट्टिनम में 38.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पलायमकोट्टई और पुडुचेरी में भी तापमान लगभग 37.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि ज्यादा तापमान और नमी के कारण लोगों को हीट स्ट्रेस (गर्मी से जुड़ी परेशानी) हो सकती है, खासकर दोपहर के समय। चेन्नई जैसे तटीय इलाकों में बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी भरी हवाओं के कारण गर्मी और ज्यादा महसूस होगी। चेन्नई में रविवार को तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है और उमस के कारण परेशानी और बढ़ सकती है।

मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि तेज धूप में ज्यादा देर तक बाहर न रहें, खूब पानी पिएं और गर्मी से बचाव के जरूरी उपाय अपनाएं।

हालांकि अगले तीन दिनों में होने वाली बारिश से कुछ इलाकों में तापमान थोड़ा कम हो सकता है, लेकिन मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे पूरी तरह गर्मी से राहत नहीं मिलेगी, क्योंकि गर्मियों के बढ़ने के साथ तापमान में कुल मिलाकर बढ़ोतरी जारी रहेगी।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ओडिशा को दी पीएमजीएसवाई-IV के तहत 1,700 करोड़ रु. से 827 नई सड़कों की सौगात

एजेंसी

भुवनेश्वर। ओडिशा के रायगड़ा मे आयोजित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-4) के शुभारंभ समारोह में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के साथ मिलकर सड़क, आवास, सिंचाई, रोजगार, पेयजल, महिला सशक्तिकरण और किसान समृद्धि से जुड़े अनेक सौगातें दीं । केंद्रीय मंत्री चौहान ने मंच पर ही पीएमजीएसवाई- 4का स्वीकृति-पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा, विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ/शिलान्यास हुआ और हितग्राहियों को सहायता प्रदान की गई। रायगड़ा के बरिजोला में आयोजित इस भव्य समारोह में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ओडिशा, विशेषकर रायगड़ा की सांस्कृतिक गरिमा, प्राकृतिक सौंदर्य और परिश्रमी जनता की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वे आज खाली हाथ नहीं आए बल्कि ओडिशा के लिए विकास की ठोस सौगातें लेकर आए हैं, जिनका सीधा लाभ गाँव, गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं और युवाओं तक पहुँचेगा। चौहान ने कहा कि सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं बल्कि जिंदगी, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र प्रगति की जीवनरेखा हैं। इसी सोच के अनुरूप प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-ढ्ढङ्क के प्रथम चरण में ओडिशा के लिए 1,698.04 करोड़ रुपये की लागत से 1701.84 किलोमीटर लंबाई की 827 नई सड़कों की सौगात दी गई है। साथ ही, पूर्व स्वीकृत लेकिन अपूर्ण कार्यों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त राशि भी उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि कोई भी दूरस्थ क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। केंद्रीय मंत्री चौहान ने पीएमजीएसवाई- 4का स्वीकृति-पत्र मुख्यमंत्री माझी को मंच पर सौंपा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने आवास और आजीविका पर विशेष बल देते हुए कहा कि ओडिशा में कोई भी गरीब परिवार कच्चे मकान में नहीं रहेगा और हर पात्र परिवार को पक्का घर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्कद्भ-त्र के अंतर्गत लंबित आवासों को पूरा करने के लिए 630.61 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। मजदूर दिवस के अवसर पर उन्होंने मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम किश्त के रूप में 868.71 करोड़ रुपये का आवंटन किया।

भारत-नेपाल कोसी एवं गंडक परियोजनाओं की संयुक्त समिति की 11वीं बैठक सकारात्मक चर्चा के साथ संपन्न

एजेंसी

काठमांडू। भारत-नेपाल कोसी एवं गंडक परियोजनाओं की संयुक्त समिति (जेसीकेजीपी) की दो दिवसीय 11वीं बैठक नेपाल की राजधानी काठमांडू में आज सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई। इस बैठक में दोनों देशों के बीच कोसी एवं गंडक परियोजनाओं से सम्बंधित लंबे समय से चले आ रहे विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक मुद्दों पर विमर्श किया गया। बैठक में भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व जल संसाधन विभाग, बिहार के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल एवं नेपाल पक्ष का प्रतिनिधित्व जलस्रोत एवं सिंचाई विभाग के महानिदेशक मित्र बराल ने किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में पश्चिमी कोशी मुख्य नहर के 35 किलोमीटर नेपाल भाग, कोशी बराज सहित पूर्वी एवं पश्चिमी तटबंध के एक केन्द्र की ओर प्रवाह बांध, तटबंधों, वाल्मिकीनगर अवस्थित

गंडक बराज क्षेत्र एवं मुख्य पश्चिमी नहर के भागों को शीघ्र अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए नेपाली प्रतिनिधि दल द्वारा सहमति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त पश्चिमी कोशी मुख्य नहर के बांध पर लगाए गए बिजली के खम्भों को स्थानांतरित करने पर भी सहमति बनी। वीरपुर परिक्षेत्र के पूर्वी एक केन्द्र की ओर प्रवाह बांध के कोशी वनटप्पू क्षेत्र में वीरपुर परिक्षेत्र में वर्ष 2026 बाढ़ पूर्व कराये जाने वाले कटाव निरोधक कार्य के लिए उपयोग में लाये जाने वाले सामग्री यथा बालू / मिट्टी / सिल्ट के उपयोग पर सहमति बनी। यहां इस बात पर भी सहमति बनी कि कोशी परियोजना अन्तर्गत लिज भूमि का सीमांकान जीपीएस तकनीक एवं स्थल पर भौतिक रूप में एक समय सीमा के अन्दर पूरा कर लिया जाएगा। कोशी वनटप्पू क्षेत्र में कराए जाने वाले कटाव निरोधक एवं बाढ़ संघर्षात्मक कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्रियों एवं वाहनों के दिवा - रात्रि आवागमन पर सहमति बनी। बाढ़ अवधि में कोशी नदी का जलश्राव अत्याधिक रहने पर स्थानीय नागरिकों द्वारा कोशी बराज पर लकड़ी निकालने, मछली मारने इत्यादि अन्य गतिविधियों के कारण बराज के सामान्य संचालन में हो रही बाधा को दूर करने का आश्वासन नेपाली पक्ष के द्वारा दिया गया। नेपाली पक्ष के द्वारा नेपाल परिक्षेत्र में स्थानीय नगरपालिका एवं ग्राम पालिकओ द्वारा कोशी परियोजना के वाहनों के सड़क पर आवागमन पर लगाए जाने वाले स्थानीय कर को भारत और नेपाल के बीच हुए समझौता के अनुरूप नहीं माना गया एवं इसे रोकने के लिए आवश्यक करवाई करने का आश्वासन दिया गया। नेपाल सरकार पक्ष द्वारा नेपाल भाग में अवस्थित पश्चिमी कोशी मुख्य नहर तथा वाल्मिकीनगर गंडक बराज से निकलने वाली मुख्य नहर के कमांड क्षेत्र में कुछ स्थलों पर जल जमाव के निराकरण के लिए जल निकासी की व्यवस्था का अनुरोध किया गया।

भारत को ग्लोबल लाइव इवेंट हब बनाने के लिए रोडमैप तैयार

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत में लाइव इवेंट्स इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कोशिशें तेज कर दी हैं। इसी दिशा में लाइव इवेंट्स डेवलपमेंट सेल (एलईडीसी) की चौथी बैठक 30 अप्रैल को विज्ञान भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव चंचल कुमार ने की, जिसमें केंद्र, राज्य और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि लाइव इवेंट सेक्टर आने वाले समय में रोजगार, पर्यटन और अर्थव्यवस्था का बड़ा इंजन बन सकता है। फिलहाल यह सेक्टर 2025 में 145 अरब रुपये का है और 2028 तक इसके 196 अरब रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि लाइव इवेंट्स के लिए सिंगल-विंडो क्लियरेंस सिस्टम भी तैयार किया है, जो इंडिया सिने हब पोर्टल पर उपलब्ध होगा। इससे आयोजकों को परमिशन लेने में आसानी होगी और प्रक्रिया ज्यादा पारदर्शी बनेगी। इसके अलावा, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 31 मई 2026 तक एक मॉडल एग्जीक्यूटिव ऑर्डर अपनाने को कहा गया है,

ताकि लाइसेंस और परमिशन की प्रक्रिया सरल हो सके। बैठक में नए इवेंट वेन्यू विकसित करने और स्किल डेवलपमेंट पर भी चर्चा हुई। आईआईएमसी, एमईएससी, ईईएमए मिलकर लाइव इवेंट्स से जुड़े सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने जा रहे हैं।सरकार का लक्ष्य है कि साल 2030 तक भारत को ग्लोबल लाइव इवेंट हब बनाया जाए और इस सेक्टर में 1.5 से 2 करोड़ नए रोजगार पैदा किए जाएं।

उद्योगपति गौतम अडानी ने सपत्नी केदार बाबा के किए दर्शन, रोपवे परियोजना पर भी चर्चा की

एजेंसी

रुद्रप्रयाग। देश के अग्रणी उद्योगपति गौतम अडानी ने हिमालय की गोद में स्थित पवित्र केदारनाथ धाम में पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना और जलाभिषेक कर देश और समाज की समृद्धि की कामना की। इस आध्यात्मिक यात्रा में उनकी पत्नी प्रीति अडानी भी उनके साथ मौजूद रहीं।

धाम पहुंचने पर बीकेटीसी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने उनका स्वागत किया और दर्शन उपरांत भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया। मंदिर परिसर में इस दौरान श्रद्धा और व्यवस्थाओं का संतुलित माहौल देखने को मिला। अडानी निजी हेलीकॉप्टर के माध्यम से धाम पहुंचे, जिसके मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि आम श्रद्धालुओं की यात्रा और दर्शन व्यवस्था प्रभावित न हो। दर्शन के पश्चात गौतम अडानी ने सोनप्रयाग-केदारनाथ रोपवे परियोजना को लेकर विशेष रुचि दिखाई और इसके एरियल सर्वे की योजना पर चर्चा की। यह महत्वाकांक्षी परियोजना अडानी ग्रुप की

ओर से विकसित किया जाना प्रस्तावित है, जो केदारनाथ यात्रा को अधिक सुगम, सुरक्षित और तेज बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत ने अडानी को बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में यह रोपवे परियोजना न केवल यात्रा को सरल बनाएगी, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन को नई गति देगी। इससे स्थानीय व्यापार, रोजगार के अवसर और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर बीकेटीसी के अधिकारी, पुजारीगण और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

देश में बढ़ रहे ऑटिज्म के मामले, एम्स के ताजा अध्ययन में सामने आया तथ्य

नई दिल्ली। देश और दुनिया में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अब हर 31 बच्चों में से 1 बच्चा इससे प्रभावित पाया जा रहा है, जबकि पहले यह आंकड़ा 89 में 1 था। भारत में ताजा राष्ट्रीय आंकड़े सीमित हैं लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यहां भी मामलों में बढ़ोतरी हुई है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ताजा अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है। एम्स के बाल चिकित्सा विभाग की प्रोफेसर शेफाली गुलाटी ने बताया कि ऑटिज्म सिर्फ एक आंकड़ा नहीं बल्कि लाखों परिवारों की सच्चाई है। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली, बढ़ता प्रदूषण और सामाजिक बदलाव इस समस्या को और गंभीर बना रहे हैं। एम्स के अध्ययन में पाया गया कि 80 प्रतिशत से अधिक बच्चों में मिर्गी, ध्यान की कमी, व्यवहारिक समस्याएं और नींद से जुड़ी दिक्कतें भी साथ में होती हैं, जिससे परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है।

जुनून के दम पर रांची के इशांक की उपलब्धि से पूरा झारखंड गौरवांवित

एजेंसी

रांची। स्थानीय धुर्वा डैम में तैराकी सीखने वाले रांची के सात वर्षीय नन्हे तैराक इशांक सिंह ने अपनी अद्भुत इच्छाशक्ति और कड़ी मेहनत के दम पर इतिहास रच दिया है, जिससे पूरा झारखंड गौरवान्वित है। इशांक ने यह साबित कर दिया है कि मजबूत इरादों के आगे कोई चुनौती बड़ी नहीं होती। इशांक पाक जलडमरूमध्य को तैरकर पार करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के तैराक बन गए। इशांक की तैयारी को मजबूत बनाने में उनके कोच अमन कुमार जायसवाल की अहम भूमिका है। कोच ने बताया कि वह बच्चे की लगन देखकर व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण दे रहे हैं। हर स्तर पर मार्गदर्शन कर रहे हैं। तकनीकी अभ्यास, सहनशक्ति, स्पीड और ओपन वाटर स्विमिंग की बारीकियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि वह बड़े मुकाबलों के लिए पूरी तरह तैयार हो सके।इशांक की सफलता से गदगद उसकी मां मनीषा ने कहा कि इशांक के लिए



तैराकी सिर्फ खेल नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी पसंद है। वह हर दिन पूरे उत्साह के साथ अभ्यास करता है। पिता सुनील का कहना है कि बेटे का यह प्रयास पूरे झारखंड के लिए गर्व की बात हो सकती है। परिवार को विश्वास है कि इशांक आने वाले समय में राज्य और देश का नाम रोशन करेगा। नन्हा तैराक इशांक अब विश्व रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रच चुका हैं। दुनिया में सबसे कम उम्र में सबसे तेज तैराक होने की उपलब्धि उसने अपने जुनून की दम पर हासिल की है। कोच के अनुसार इशांक प्रतिदिन रांची के धुर्वा डैम में चार से पांच घंटे में 15 से 20 किलोमीटर तक कठिन अभ्यास करता है। उसकी मेहनत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सप्ताह में एक दिन वह लगातार आठ घंटे तक पानी में रहकर अपनी सहनशक्ति और मानसिक मजबूती को और बेहतर बनाता है। ढाई साल की उम्र से तैराकी सीखने वाले इशांक के लिए पानी अब केवल खेल नहीं, बल्कि जुनून है। कम उम्र के बावजूद इशांक का ट्रैक रिकॉर्ड भी बेहद मजबूत है। वह कई जिला और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर चुका है। हाल ही में 22 फरवरी को मुंबई में आयोजित गेटवे ऑफ इंडिया इवेंट में उन्होंने अरेबियन समुद्र में एक किलोमीटर तैराकी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया था। इस उपलब्धि ने उनके आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया है। डीएवी श्यामली में तीसरी कक्षा के छात्र इशांक का शैक्षणिक प्रदर्शन भी अच्छा है। इशांक की कहानी यह बताती है कि यदि लक्ष्य बड़ा हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी लहर रास्ता नहीं रोक सकती। उल्लेखनीय है कि इशांक ने गुरुवार को झारखंड के 7 साल इशांक ने समुद्र की लहरों पर तैरकर दुनिया के सबसे कम उम्र और सबसे तेज तैराक होने का दोहरा रिकॉर्ड बनाया है। इशांक ने श्रीलंका के तलाईमन्नार से तैरना शुरू कर भारत के धनुषकोडी तक की दूरी केवल 9 घंटे 50 मिनट में पूरी की है।

सूरत में डायमंड कट पर विशेष डाक टिकट जारी, वाइब्रेंट समिट में बड़े निवेश और विकास के संकेत

एजेंसी

सूरत। वाइब्रेंट गुजरात समिट के दौरान गुजरात स्थापना दिवस के अवसर पर सूरत को एक और बड़ी पहचान मिली। भारत सरकार के डाक विभाग ने सूरत के कट डायमंड को मिले जीआई टैग के सम्मान में विशेष डाक टिकट जारी किया गया, जिसका विमोचन मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने किया। इस दौरान केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटील भी मौजूद रहे। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि गुजरात स्थापना दिवस पर वाइब्रेंट गुजरात समिट के साथ कई सौगात की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि जब 01 मई, 1960 को गुजरात तत्कालीन मुंबई राज्य से अलग होकर एक स्वतंत्र राज्य बना था, तब सभी के मन में यह सवाल था कि केवल रण (रेगिस्तान), समुद्र और पहाड़ों वाला यह राज्य कैसे आगे बढ़ेगा। लेकिन 1960 से 2000 तक चार दशकों की गुजरात की विकास यात्रा और वर्ष 2001 के बाद के ढाई दशकों की अविरत विकास यात्रा का बिल्कुल साफ और स्पष्ट अंतर आज हर कोई देख सकता है।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना वाली बुलेट ट्रेन परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि परियोजना पूर्ण होने पर अहमदाबाद से मुंबई की यात्रा मुंबई से दहिसर जाने से भी कम समय में पूरी हो सकेगी। इससे दक्षिण गुजरात और मुंबई के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी और उद्योगपतियों को एक ही दिन में काम कर लौटने की सुविधा मिलेगी।उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात को पहले गांधीनगर और अहमदाबाद तक सीमित रखा गया था, लेकिन अब छोटे व्यापारियों और स्थानीय निवेशकों को भी जोड़ने के उद्देश्य से पहली बार रीजनल समिट आयोजित की गई है। इससे उधना, कडोदरा जैसे क्षेत्रों के व्यापारियों को भी सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने समिट के दौरान अगले दो दिनों में दक्षिण गुजरात में रिकॉर्ड निवेश समझौतों (एमओयू) होने की उम्मीद जताई। उन्होंने बताया कि मेहसाणा में 3.24 लाख करोड़ और राजकोट में 5.78 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए हैं और सूरत में इससे भी अधिक निवेश की संभावना है। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण जापान के राजदूत केइची ओनो का गुजराती में संबोधन रहा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 से जापान वाइब्रेंट गुजरात का भागीदार देश रहा है और सूरत को डायमंड उद्योग का वैश्विक केंद्र बताया।

आईपीएल 2026: पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच रोमांचक मुकाबला

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2026 का एक और रोमांचक मुकाबला अहमदाबाद में होने जा रहा है, जहाँ पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस आमने-सामने होंगी। शाम 7:30 बजे शुरू होने वाले इस मैच में, जहाँ पंजाब किंग्स अपनी पिछली हार से उबरकर वापसी करना चाहेगी, वहीं गुजरात टाइटंस लगातार तीसरी जीत दर्ज कर अपने अभियान को गति देने के इरादे से मैदान में उतरेगी। यह मुक़ाबला दोनों ही टीमों के लिए अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है।

पंजाब किंग्स ने इस सीज़न की शुरुआत बेहद शानदार अंदाज़ में की थी, लगातार छह जीत दर्ज कर उन्होंने अपनी मज़बूत स्थिति का प्रदर्शन किया। हालांकि, हालिया हार ने टीम की कुछ कमज़ोरियों को उजागर किया है, खासकर गेंदबाज़ी विभाग में निरंतरता की कमी चिंता का विषय बनी हुई है। आठ मैचों में 13 अंकों के साथ टीम अभी भी अंक तालिका में शीर्ष पर है, जो उनकी शुरुआती ज़बरदस्त फॉर्म का नतीजा है। बल्लेबाज़ी के मोर्चे पर, पंजाब किंग्स ने अपनी ताक़त दिखाई है। सलामी बल्लेबाज़ प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने टीम को लगातार मज़बूत शुरुआत दी है, जबकि मध्य क्रम में श्रेयस अय्यर और कूपर कोनोली जैसे बल्लेबाज़ों ने पारी को संभाला है। इनकी बदौलत टीम बड़े लक्ष्य बनाने और उनका पीछा करने में सफल रही है। इस मैच में भी टीम को अपनी बल्लेबाजी पर काफी भरोसा होगा ताकि वे अपनी शीर्ष स्थान को बरकरार रख सकें।

दूसरी ओर, गुजरात टाइटंस का प्रदर्शन इस सीज़न में उतार-चढ़ाव भरा रहा है। हालांकि, टीम ने हाल ही में लगातार दो जीत हासिल कर आत्मविश्वास प्राप्त किया है और 10 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर पहुँच गई है। गुजरात की बल्लेबाज़ी काफी हद तक अपने शीर्ष तीन बल्लेबाज़ों पर निर्भर करती है, जिनकी फॉर्म टीम के प्रदर्शन में निर्णायक भूमिका निभाती है। मध्य क्रम में, वॉशिंगटन सुंदर ने कुछ अच्छी पारियाँ खेली हैं, लेकिन शाहरुख खान और राहुल तेवतिया जैसे फिनिशर अभी तक अपनी पूरी क्षमता के साथ प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। पिछले मैच में टीम में शामिल किए गए जेसन होल्डर ने गेंद और फील्डिंग दोनों से महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे टीम को थोड़ी राहत मिली है। इस मैच में उनसे भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी, खासकर फिनिशिंग में टीम को एक मजबूत प्रदर्शन की दरकार है। यह मुक़ाबला गुजरात के लिए प्लेऑफ की दौड़ में अपनी स्थिति को और बेहतर बनाने का एक बेहतरीन अवसर है।

यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जहाँ एक ओर पंजाब शीर्ष पर अपनी पकड़ मज़बूत करना चाहेगी, वहीं गुजरात अपनी लय को बरकरार रखते हुए प्लेऑफ की दौड़ में आगे बढ़ना चाहेगी। दर्शकों को निश्चित रूप से एक कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी।

एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारियों में लगी हैं मनु

नई दिल्ली (एजेंसी)। ओलंपिक पदक विजेता महिला निशानेबाज मनु आजकल एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारियों में लगी हैं। मनु का लक्ष्य इन टूर्नामेंटों में बेहतर प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक क्वालिफिकेशन चक्र के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना है। मनु का कहना है कि अभी उनका ध्यान अपना फॉर्म बनाये रखते हुए बेहतर प्रदर्शन करने पर है। मनु ने दृढ़ता से कहा, इस साल एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट्स हमारे सामने हैं, और हम इन दोनों बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने कोच के साथ बैठकें की हैं और आगामी टूर्नामेंट्स तथा अपनी तैयारी की एक संपूर्ण और सुनियोजित रूपरेखा तैयार कर ली है। इससे ये साफ है कि उनकी रणनीति केवल तात्कालिक सफलता पर नहीं, बल्कि एक लंबी अवधि की योजना का हिस्सा है।

